इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 अंक - 307 राजनांदगांव, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

पंचमी : स्कंदमाता



## दिव्यांगों के नाम पर 1000 करोड़ का घोटाला, सीबीआई 15 दिन में शुरू करें जांच; छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दिया आदेश

रायपुर। दिव्यांगों के कल्याण के नाम पर 1,000 करोड़ रुपये के घोटाले की सीबीआइ जांच चालू रखने का आदेश छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि सीबीआइ पांच फरवरी 2020 को भोपाल में दर्ज एफआइआर के साथ आगे कार्रवाई करेगी।



यदि एफआइआर दर्ज नहीं की गई है तो सीबीआइ को एफआइआर दर्ज होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर राज्यभर में संबंधित विभाग, संगठन और कार्यालयों से प्रासंगिक मूल रिकार्ड जब्त करना होगा। तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार द्वारा राज्य में सीबीआइ जांच पर रोक लगाए जाने के कारण उक्त प्रकरण मध्य प्रदेश में दर्ज किया गया था।

न्यायमूर्ति प्रार्थ प्रतीम साहू और न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल की खंडपीठ ने इस मामले को प्रणालीगत भ्रष्टाचार (सिस्टमेटिक करप्शन) का बताते हुए कहा कि इसमें उच्च स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। राज्य सरकार ने अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते स्वतंत्र एजेंसी द्वारा जांच की आवश्यकता महसूस की गई। इस मामले तत्कालीन महिला एवं बाल विकास मंत्री वर्तमान में भाजपा विधायक रेणुका सिंह, तत्कालीन मुख्य सचिव व सेवानिवृत्त आइएएस विवेक ढांड, एमके राउत, आलोक शुक्ला, सुनील कुजूर, बीएल अग्रवाल, सतीश पांडे, पीपी श्रोती समेत कई नाम जांच के घेरे में हैं। इस मामले में सीबीआइ जांच पर रोक लगाने के लिए ढांड व अन्य सुप्रीम कोर्ट गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने याचियों को हाई कोर्ट में ही अपना पक्ष रखने को कहा था। इस बीच सीबीआइ ने हाई कोर्ट के अंतिम आदेश के प्रतिक्षा में जांच स्थगित कर दी थी। 2004 में छत्तीसगढ़ सरकार ने दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए स्टेट रिसोर्स सेंटर (एसआरसी) की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य दिव्यांगों को तकनीकी और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करना था। 2012 में इसी के अंतर्गत फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर (पीआरआरसी) की स्थापना की गई, जिसका कार्य दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था, लेकिन सूचना के अधिकार (आरटीआइ) के तहत प्राप्त दस्तावेजों से यह स्पष्ट हुआ कि ये संस्थाएं केवल कागजों पर ही सक्रिय थीं और सरकारी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा था। रायपुर निवासी कुंदन सिंह ठाकुर ने 2018 में इस मामले को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि इन संस्थाओं में कर्मचारियों की नियुक्ति किए बिना ही उनके नाम पर वेतन निकाला जा रहा था। याचिकाकर्ता ने यह भी बताया कि उसके नाम पर भी फर्जी रिकार्ड बनाकर वेतन निकाला गया, जबकि उसने कभी वहां कार्य नहीं किया। इस घोटाले की कुल राशि एक हजार करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

## विकासशील होंगे छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिवः 30 सितंबर को अमिताभ जैन होंगे सेवानिवृत्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 सितंबर को रिटायर होने जा रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह पर 1994 बैच के आईएएस विकास शील को मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएम विष्णुदेव साय की पहल पर उन्हें वापस बुलाया गया है।



### कई बड़े जिलों में संभाली कलेक्टर की भूमिका

विकासशील ने 1994 में भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन की थी। छत्तीसगढ़ कैडर में आने के बाद उन्होंने रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े जिलों में कलेक्टर के रूप में काम किया। इसके अलावा उन्होंने उद्योग, वित्त, स्वास्थ्य और सामान्य प्रशासन जैसे कई अहम विभागों में अपनी सेवाएँ दीं। सीएम विष्णुदेव साय की पहल पर उन्हें वापस बुलाया गया और अब उन्हें राज्य प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विकासशील अभी तक मनीला स्थित एशियाई विकास बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर तैनात थे।

### केंद्र में भी निभाई कई अहम भूमिकाएँ

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए विकासशील ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय में वरिष्ठ पदों पर काम किया। जल जीवन मिशन में मिशन डायरेक्टर के रूप में उनकी भूमिका विशेष रूप से सराही गई। बड़ी उपलब्धि मार्च 2025 में केंद्र सरकार ने उन्हें Secretary/Secretary-equivalent ग्रेड के लिए एंपैनल किया। इसे उनके प्रशासनिक अनुभव और छत्तीसगढ़ कैडर में सीनियरिटी के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि माना जाता है।नए मुख्य सचिव के रूप में विकासशील से यह उम्मीद की जा रही है कि वे राज्य प्रशासन में नई ऊर्जा और पारदर्शिता लाएँगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विकास योजनाओं को गति देंगे।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: निरंजन दास और यश पुरोहित की रिमांड बढ़ी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की रिमांड पर चल रहे रिटायर आईएएस निरंजन दास, कारोबारी नीतेश पुरोहित और यश पुरोहित को आज ACB-EOW स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने बीते दिनों गिरफ्तार कर तीनों को रिमांड पर लिया था। रिमांड खत्म होने के बाद आज फिर से तीनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां यश पुरोहित और निरंजन दास की रिमांड 4 दिन के लिए बढ़ा दी गई, जबकि नीतेश पुरोहित को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। बता दें कि ईओडब्ल्यू का आरोप है कि इस शराब घोटाले का पैसा सिंडिकेट के सदस्य अनवर ढेबर के पास जाता था। आयकर विभाग की कार्रवाई से पहले, जनवरी 2019 से फरवरी 2020 तक अनवर यह पैसा जेल रोड स्थित गिरीराज होटल में रखवाता था। यह होटल नीतेश पुरोहित और यश पुरोहित का है। अधिकारियों के अनुसार, इसी होटल से यह रकम नेताओं, सरकारी अधिकारियों, मंत्रियों और पार्टी फंड तक पहुंचाई जाती थी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद राष्ट्रपति पद छोड़ने के लिए जेलेंस्की तैयार

नई दिल्ली। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की इस समय अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में चल रहे संयुक्त राष्ट्र महासभा - यूएनजीए के 80वें सत्र में आयोजन लेने के लिए गए हुए हैं। न्यूयॉर्क में उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात भी हुई है और इस दौरान दोनों ने रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध के विषय में बात की। न्यूयॉर्क में जेलेन्स्की कई इंटरव्यू भी दे रहे हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान जेलेन्स्की ने एक बड़ी बात कह दी है। जेलेन्स्की ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद राष्ट्रपति पद छोड़ने के ले तैयार हैं। जेलेन्स्की ने कहा कि उनका लक्ष्य युद्ध को खत्म करना है। जेलेन्स्की ने यूक्रेन में अगले राष्ट्रपति चुनाव के बारे में भी अपडेट दिया। जेलेन्स्की ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच अगर सीजफयर हो जाए, तो इस दौरान चुनाव हो सकते हैं।

## सोनम वांगचुक पर केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, विदेश से फंडिंग लेने वाला लाइसेंस रद्द

लेह। केंद्र सरकार ने लद्दाख के जाने-माने पर्यावरणविद और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक के नेतृत्व वाली संस्था स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत मिला लाइसेंस रद्द कर दिया है।

सरकार के आदेश के अनुसार, संस्था अब विदेश से चंदा या किसी भी तरह की आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं कर सकेगी। लाइसेंस रद्द किए जाने के पीछे क्या कारण हैं, इस बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है।



### 1988 में ने की थी वांगचुक

गौरतलब है कि स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख की स्थापना 1988 में सोनम वांगचुक ने की थी। यह संस्था लद्दाख में शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए काम करती रही है। सरकार के इस कदम के बाद लद्दाख में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। सोनम वांगचुक पहले से ही लद्दाख की पर्यावरणीय और संवैधानिक मांगों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में वांगचुक ने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर 10 सितंबर से भूख हड़ताल शुरू की थी। इस बीच बुधवार को क्षेत्र में 1989 के बाद की सबसे गंभीर हिंसा हुई, जिसमें युवाओं ने भाजपा मुख्यालय और हिल काउंसिल को निशाना बनाया और वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हालात काबू में लाने के लिए पुलिस व अर्धसैनिक बलों को आंसू गैस के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पोस्टल बैलेट की काउंटिंग के बाद ही होगी ईवीएम के वोट की गिनती, मतगणना को लेकर चुनाव आयोग का बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में अहम बदलाव किया है। जिसमें डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने में अब यदि देरी होती है, तो ईवीएम के अंतिम राउंड के मतों की गिनती रोक दी जाएगी। और वह तब तक नहीं होगी जब तक पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी न हो जाएगी। वोटों की गिनती की मौजूदा व्यवस्था में ईवीएम के मतों की गणना को पोस्टल बैलेट की गणना की ओर ध्यान दिए बगैर ही पूरा किया जा सकता था। वोटों की गिनती की यह व्यवस्था बिहार विधानसभा चुनाव से लागू होगी।

चुनाव आयोग ने गुरुवार को इन नियमों को जारी करते हुए कहा है कि चुनाव में डाक मतपत्रों की तेजी से बढ़ रही संख्या को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। आयोग का कहना है कि चुनाव में दिव्यांगजनों व 85 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए घर बैठे मतदान की व्यवस्था किए जाने से इनमें बढ़ोतरी हो रही है। वैसे भी देश में बढ़ती बुजुर्गों की संख्या को देखते हुए आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है।




### तो रोक दी जाएगी ईवीएम की गिनती

आयोग के वोटों की गिनती के नए निर्देशों के तहत अब मतगणना केंद्रों पर यदि डाक मतपत्रों की गिनती बाकी रहती है तो ईवीएम की गिनती को अंतिम राउंड के एक चरण पहले (सेकेंड लास्ट) ही रोक दी जाएगी। और उसको डाक मतपत्रों की गणना के पूरा होने के बाद ही फिर शुरू किया जाएगा। आयोग ने डाक मतपत्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारियों से पर्याप्त संख्या में मतों की गिनती के लिए टेबल लगाने व कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए है, ताकि ईवीएम की गणना को रोकने की स्थिति न पैदा हो।

### क्यों लिया चुनाव आयोग ने ये फैसला?

आयोग के मुताबिक मतगणना के दो प्रमुख हिस्से होते है, पहला डाक मतपत्रों की गणना और दूसरी ईवीएम मतों की गणना। मतगणना के दिन डाक मतपत्रों की गणना जहां आठ बजे शुरू हो जाती है तो ईवीएम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को बनाया प्रभारी, यूपी के डिप्टी सीएम को भी मिली जिम्मेदारी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में गुरुवार को पार्टी ने चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों का एलान किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है।

इसके साथ ही भाजपा ने अगले साल होने वाले तमिलनाडु चुनाव के लिए पार्टी के राष्टीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ सहकारिता और उड्डयन मंत्रालय में राज्यमंत्री का पद संभाल रहे मुरलीधर मोहोल को सह-प्रभारी बनाया गया है।

पार्टी ने केंद्रीय पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रभारी बनाया है, जबकि सांसद बिप्लब कुमार देव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि बिहार में इसी साल के अंत में चुनाव होने हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में 2026 के मध्य में चुनाव कराए जाने हैं। भाजपा ने इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## साकेत कोर्ट से ललित मोदी के भाई समीर मोदी को राहत, रेप केस में मिली जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली के साकेत कोर्ट ने गुरुवार को हाई प्रोफाइल मामले में कारोबारी ललित मोदी के भाई समीर मोदी को राहत दे दी। कोर्ट ने 55 वर्षीय समीर को रेप केस में जमानत दी है। दरअसल समीर की पूर्व सहकर्मी ने बलात्कार का आरोप लगाया था। बाद में समीर ने उसी महिला पर 50 करोड़ रुपए उगाही का आरोप लगाया।



इस मामले में साकेत कोर्ट के एडिशनल सेशन जज दीपक वाट्स ने समीर मोदी को जमानत दे दी। हालांकि इस मामले में विस्तृत आदेश जारी होना अभी बाकी है। बता दें कि एक महिला सहकर्मी ने समीर पर बलात्कार का आरोप लगाया था। बाद में समीर ने उस पर 50 करोड़ रुपए मांगने का आरोप लगा दिया। इसके बाद पिछले हफ्ते पुलिस को समीर की शिकायत पर जांच करने का निर्देश दिया गया था। वहीं बलात्कार के मामले में समीर को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दें कि 19 सितंबर को समीर मोदी को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। एक महिला ने समीर पर आरोप लगाया कि उसने तरक्की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एसएमएस ओटीपी से इतर भुगतानों को प्रमाणित करने के नए नियम अप्रैल 2026 से होंगे लागू

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान पर नए नियम, जो एसएमएस-आधारित वन-टाइम पासवर्ड से परे दो-कारक प्रमाणीकरण (2एफए) का अनुपालन करने के अधिक तरीकों की अनुमति देते हैं, 1 अप्रैल से लागू होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को यह एलान किया।




आरबीआई का ऐलान

केंद्रीय बैंक ने कहा कि प्रमाणीकरण का आधार यूजर्स के पास कुछ है, यूजर जो जानता है या यूजर जो है हो सकते हैं। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ पासवर्ड, एसएमएस-आधारित ओटीपी, पासफ्रेज, पिन, कार्ड हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर टोकन, फिंगरप्रिंट या बायोमेट्रिक्स का कोई अन्य रूप (डिवाइस-नेटिव या आधार-आधारित) शामिल हो सकते हैं। भारत दुनिया के उन बाजारों में से एक है जो 2FA पर जोर देते हैं। इसके तहत वित्तीय क्षेत्र के खिलाड़ी लेनदेन को निष्पादित करने के लिए एसएमएस-आधारित अलर्ट पर भरोसा करते रहे हैं। आरबीआई ने (डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए प्रमाणीकरण तंत्र) निर्देश, 2025 लॉन्च किया है। इसमें यह स्पष्ट किया गया कि 2FA अनिवार्य बना रहेगा और एसएमएस ओटीपी का भी उपयोग किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने पहली बार फरवरी 2024 में इस कदम की घोषणा की थी ताकि भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को वैकल्पिक प्रमाणीकरण तंत्र को लागू करने के लिए तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने में सक्षम बनाया जा सके। आरबीआई ने कहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जीएसटी में बड़ी कटौती के बाद पीएम मोदी का एक और ऐलान, बोले- हम यहीं नहीं रुकेंगे, टैक्स और कम होगा

नई दिल्ली। नवरात्रि के पहले दिन (22 सितंबर) जीएसटी में भारी कटौती का तोहफा देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को एक और खुशखबरी दी है। उन्होंने भविष्य में टैक्स दरों में और भी कमी किए जाने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, आम आदमी पर टैक्स का बोझ भी कम होता जाएगा।



गुरुवार को उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम यहीं नहीं रुकने वाले। देशवासियों के आशीर्वाद से जीएसटी रिफॉर्म का यह सिलसिला निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने वादा किया कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, टैक्स का बोझ कम किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने 2014 से पहले और आज के टैक्स स्ट्रक्चर की तुलना करते हुए बचत का पूरा गणित समझाया। उन्होंने कहा, अगर कोई परिवार 2014 से पहले साल में एक लाख रुपये का सामान खरीदता था, तो उसे लगभग 25 हजार रुपये टैक्स देना पड़ता था। लेकिन अब 'नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी' के बाद उसी एक लाख की खरीदारी पर सिर्फ 5 से 6 हजार रुपये का टैक्स ही देना पड़ेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 2014 से पहले एक हजार रुपये की शर्ट पर 117 रुपये टैक्स लगता था, जो अब घटकर सिर्फ 35 रुपये रह गया है। इसी तरह, टूथपेस्ट और शैंपू जैसे रोजमर्रा के सामान पर जहां पहले 31 प्रतिशत टैक्स लगता था, वह अब काफी कम हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से वाहनों पर टैक्स कटौती से हुए लाभ का जिक्र करते हुए बताया कि इसका फायदा किसानों से लेकर मध्यम वर्ग तक सभी को मिला है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जहां एक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीडब्ल्यूडी में 7 मुख्य अभियंताओं का तबादला

**पीएम कश्यप को रायपुर की कमान, ज्ञानेश्वर संभालेंगे राष्ट्रीय राजमार्ग**

रायपुर। राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग में 7 मुख्य अभियंताओं के तबादले और नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। मंत्रालय से जारी आदेश के अनुसार, प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन और सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता आरके रात्रे को बिलासपुर परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया गया है।

इसी तरह सरगुजा परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता नागेश कुमार जयंत को दुर्ग परिक्षेत्र, एडीबी परियोजनाओं के निदेशक पीएम कश्यप को रायपुर परिक्षेत्र और रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप को राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता नियुक्त किया गया है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता एमएल उरांव को बस्तर परिक्षेत्र भेजा गया है। इसके साथ ही बस्तर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे को प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा गया है।

वहीं दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता भोलाशंकर बघेल को सरगुजा परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया गया है। बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता विजय सिंह कोरम की नई पदस्थापना प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में मुख्य अभियंता (प्रशासन) के रूप में की गई है।

## छत्तीसगढ़ अब जटिल हृदय उपचारों में बना देश का अग्रणी राज्य - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### प्रदेश का स्वास्थ्य ढांचा आधुनिकता और विश्वास का बन रहा है प्रतीक - स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

रायपुर (दावा)। प्रदेश में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की उत्कृष्टता का प्रतीक, प्रदेश का सबसे पुराना और सबसे बड़ा पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय तथा इससे संबद्ध डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम ने जटिल उपचारों में लगातार ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जिन पर हर किसी को गर्व हो सकता है। ताज़ा उदाहरण एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट (एसीआई) के कार्डियोलॉजी विभाग में हुआ, जहाँ 68 वर्षीय महिला मरीज पर देश का छठा और किसी भी सरकारी संस्थान का पहला बैकमैन टोटल फिजियोलॉजिकल पेसिंग सफलतापूर्वक किया गया।



डॉक्टरों के अनुसार यह जटिल प्रक्रिया अब तक एम्स दिल्ली और पीजीआई चंडीगढ़ जैसे शीर्ष संस्थानों में भी नहीं की गई थी। बैकमैन टोटल फिजियोलॉजिकल पेसिंग का अर्थ है- हृदय की धड़कन को पूरी तरह प्राकृतिक कंडक्शन सिस्टम के जरिए नियंत्रित करना, ताकि मरीज को लंबे समय तक स्थिर और सुरक्षित हृदय गति मिल सकें। यहां ध्यान देने योग्य है कि अब तक एसीआई और अन्य सरकारी कार्डियक संस्थानों में लेफ्ट बंडल या हिज़ बंडल में लीड लगाने के कई केस हो चुके हैं, लेकिन राइट एट्रियम यानी बैकमैन बंडल में लीड लगाने का यह पहला मामला है। इससे हृदय के दोनों चैम्बर्स की धड़कनें प्राकृतिक विद्युत मार्ग से संचालित होती रहती हैं। एसीआई के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि रायपुर निवासी यह मरीज सिक साइनस सिंड्रोम नामक गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थी। इस रोग में हृदय को धड़कन देने वाली कोशिकाएँ (पेसमेकर कोशिकाएँ) (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### केयर गार्डन वेलफेयर सोसायटी के सचिव करण निफा से सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। केयर गार्डन वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव के प्रदेश सचिव करण कश्यप ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और अपने जन्म स्थान जिला राजनांदगांव का नाम रोशन किया। सुप्रसिद्ध अखिल भारतीय संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट) द्वारा उन्हें यूथ अचीवर यूथ चेंजर मेकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन 21 से 24 सितंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में और हरियाणा के करनाल में संपन्न हुआ। हर युवा समाजसेवी का यह सपना होता है कि उसका सम्मान भारत मंडपम जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंच पर हो यह गौरवमय क्षण अब करण कश्यप को प्राप्त हुआ। यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गौरव का विषय बन गया है। केयर गार्डन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिन्हा की ओर से उन्हें बधाई देते हुए आगे उज्जवल भविष्य और संस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और संस्था को राष्ट्रीय स्तर पर नाम दिलाने के लिए शुभकामनाएं दी। करण कश्यप केयर गार्डन वेलफेयर सोसाइटी संस्था के प्रदेश सचिव के पद में रहते हुए लंबे समय से समाजसेवा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सक्रिय रहे हैं एवं राष्ट्रीय सेवा में भी उनका विशेष योगदान रहा है।

### राजनांदगांव के पेण्ड्री में आवासीय भवन पाने का सुनहरा मौका

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल विहार योजना के तहत राजनांदगांव शहर के पेण्ड्री में आवासीय भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। इसके तहत 1 बीएचके फ्लैट एलआईजी 10 लाख 50 हजार रूपए से शुरू है एवं 1 बीएचके फ्लैट ईडब्ल्यूएस 5 लाख 25 हजार रूपए से शुरू है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी मोबाईल नंबर 8319896556, 9479081105, 9669961057 एवं टोल फ्री नंबर 1800 121 6313 तथा वेबसाईट 222.ष्द्धड्ड.द्गश्1.द्बठ्ठ से प्राप्त की जा सकती है।

### अनुसूईया बाई साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा ग्रामीण (पश्चिम) मंडल अध्यक्ष व राजनांदगांव तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष मनोज साहू ग्राम खैरा (रवेली) निवासी के माता श्रीमती अनुसूईया बाई साहू (64 वर्ष) का आकस्मिक निधन आज हो गया है। वे अपने पीछे पति नंदलाल साहू एवं दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। जिनका आज अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों सहित जिलेवासियों ने उनकी निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### मोरध्वज प्रसाद द्विवेदी का निधन



घुमका (दावा)। स्थानीय निवासी सेवानिवृत प्रधानपाठक मानस मर्मज्ञ, प्रसिद्ध भागवताचार्य, ज्योतिषाचार्य पंडित मोरध्वज प्रसाद द्विवेदी (देबी पंडित) का 24 सितम्बर की संध्या 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ माह से अस्वस्थ थे। 25 सितम्बर को उनके अंतिम संस्कार में परिजन, धर्मप्रेमी, एवं उनके शिष्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### दिनेश कुमार भोईर का निधन



राजनांदगांव(दावा)। बसंतपुर वार्ड क्रमांक 43 निवासी दिनेश कुमार भोईर का आज शाम 8 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 26 सितंबर को दोपहर 11 बजे निज निवास बसंतपुर स्थित धम्म कीर्ति बौद्ध विहार के पास से निकलेगी, जो मुक्तिधाम लखोली पहुँचेगी, जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्व. दिनेश कुमार भोईर, शुभम् कुमार भोईर के बड़े पिताश्री थे। शुभम् धम्म कीर्ति बौद्ध विहार के सक्रिय सदस्य हैं। शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने के लिए क्षेत्रवासियों का तांता लगा हुआ है।


SILVER SCREEN MULTIPLEX
26th Sep to 01st Oct 2025




Chainsaw Man The Movie Reze Arc (Hindi) - 03:30 and 09:30 pm
They Call Him OG - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Joll LLB 3 - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Demon Slayer Kimetsu No Yaiba Infinity Castle (Hindi) - 12:30 and 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल, बाल्कनी बुकिंग सिर्फ 100




बलिदानी राजा गुरु बालकदास
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# सौर ऊर्जा के उत्पादन से पर्यावरण संरक्षक एवं ऊर्जादाता बनकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाए कदम - डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गांधी सभागृह में सेवा पर्व पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और पीएम-कुसुम योजना की कार्यशाला का शुभारंभ छग विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर एवं पूर्व सांसद मधूसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, निगम कमिश्नर अतुल विश्वकर्मा, समाजसेवी खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, रविन्द्र वैष्णव, किशुन यदु सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और पीएम-कुसुम योजना की विस्तृत कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में छग विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और किसानों के बीच इन योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, ताकि वे सौर उर्जा का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सके। विधानसभा अध्यक्ष श्री सिंह ने सेवा पर्व पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और पीएम-कुसुम योजना के प्रचार-प्रसार के लिए सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने योजनाओं की महत्ता को बताते हुए आम नागरिकों, किसानों, ऊर्जा उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम एवं सौर ऊर्जा आधारित कृषि पंप जैसी पहलों के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. श्री सिंह ने कहा देश में सौर ऊर्जा की वर्तमान स्थापित क्षमता लगभग 100 गीगावाट है। लक्ष्य है कि 2030 तक सौर ऊर्जा की क्षमता को तीन गुना बढ़ाकर लगभग 300 गीगावाट तक ले जाया जाए। भविश्य में ऊर्जा की जरूरतों की बढ़ती मांगों को देखते हुए प्रकृति संसाधनों की अभूतपूर्व कमी आयेगी। कोयला, पानी एवं भूसे से बिजली का उत्पादन पर्यावरण के लिए बहुत नुकसानदायक है। इसलिए अब सूर्य की ऊर्जा से बिजली उत्पादन कर पर्यावरण संरक्षक एवं बिजली उत्पादक बनने का स्वर्णिम अवसर मिला है। प्रधानमंत्री की इन दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत आवासीय भवनों की छतों पर एवं खेती के लिए अनुपयोगी जमीन पर सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं, जिससे आम



विधानसभा अध्यक्ष ने सेवा पर्व पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पीएम-कुसुम योजना की कार्यशाला में शिरकत कर सूर्य रथ को दिखाई हरी झंडी

उपभोक्ता व किसान न सिर्फ अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली का उत्पादन करके उसे ग्रिड में बेचकर आर्थिक लाभ भी कमा सकते हैं। उन्होने बताया कि पीएम-कुसुम योजना के तहत कबीरधाम में ग्राम रामपुर में स्वयं उनके परिवारजनों द्वारा 3-3 एकड़ की भूमि पर 3 मेगावॉट सौर प्लांट के लिए ऊर्जा विभाग से अनुबंध किया गया। जिससे उत्पादित बिजली को ग्रिड के माध्यम से बिजली विभाग को दिया जाएगा। यह योजना किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। जिससे वे बिजली से चलने वाले पंपों की जगह सोलर पंप का उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा जो किसान परंपरागत खेती के लिए ट्यूबवेल आदि का उपयोग करते हैं, वे अब सौर ऊर्जा के माध्यम से खेती कर सकते हैं। यह न केवल उनके खर्चों को घटाएगा, बल्कि उन्हें ऊर्जा उत्पादक भी बनाएगा।

महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाई गई हर योजना उनकी दूरगामी सोच, जनहित और राष्ट्रहित की मूल भावना से प्रेरित होती है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जहां एक ओर बिजली उपभोक्ता स्वयं उत्पादक बनकर आत्मनिभरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। वही पीएम कुसुम योजना पीएम-कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा से संबंधित लाभ प्रदान करती है। इसके तहत किसानों को सौर पंप लगाने के लिए सब्सिडी और ऋण मिलता है। जिससे उनकी आय बढ़ती है और डीजल पंपों पर होने वाला खर्च कम होता है। इस योजना से बिजली की बचत होती है और ग्रिड पर निर्भरता कम होती है तथा किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर भी पैदा होते हैं। किसान अपनी अतिरिक्त सौर ऊर्जा को डिस्कॉम को बेचकर कमाई कर सकते हैं, जिससे उनकी आय बढ़ती है। किसान सौर ऊर्जा का उपयोग करके बिजली के बिल और डीजल की लागत बचा सकते है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि हम सभी को इन योजनाओं का लगभग लेकर अपने भविष्य के ऊर्जा जररूतों पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। इन दोनों योजनाओं में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आधे से अधिक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। साथ ही सौर पैनलों पर 25 वर्षो की गारंटी भी दी जा रही है। जिसका देशभर में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आज देश के हजारों लोग अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली के उत्पादक और उपभोक्ता दोनों बन चुके हैं। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना के 16 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और पीएम कुसुम योजना के 05 लाभार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह सम्मान इन योजनाओं के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने परिसर में सौर प्लांट संचालकों द्वारा लगाए स्टालों में जाकर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक राजनांदगांव शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, नागार्जुन बिम्बिसार, रंजीत घोष के.सी. खोटे, सुनील भुआर्य एवं विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

## रायपुर-दुर्ग की तरह राजनांदगांव में भी मेट्रो ट्रेन शुरू हो-राजेश डागा

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की बहुप्रतीक्षित मेट्रो परियोजना का सर्वे रायपुर से दुर्ग तक शुरू हो चुका है। अब राजनांदगांव को भी इस रूट से जोड़ने की मांग तेज़ हो गई है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के जिला अध्यक्ष राजेश (राजू) डागा ने कहा कि राजनांदगांव के व्यापारी लंबे समय से मेट्रो की मांग कर रहे हैं और इस विषय में कई बार पहल भी की गई है।



कहा-रोजगार और व्यापार में होगा बड़ा इजाफा

उनका कहना है कि यदि राजनांदगांव को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा गया तो यातायात की समस्या दूर होगी। साथ ही व्यापार, चिकित्सा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। श्री डागा ने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे राजनांदगांव के हितों को ध्यान में रखते हुए मेट्रो की शुरुआत करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हाल ही में आयोजित व्यापारी संगठनों की बैठक में मेट्रो संचालन को लेकर व्यापक रणनीति बनाने की पहल शुरू की गई।

बैठक में मौजूद सभी व्यापारियों ने एक सुर में मेट्रो के समर्थन में अपनी सहमति जताई और इस दिशा में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। व्यापारियों का मानना है कि मेट्रो ट्रेन न केवल स्थानीय व्यापार को गति देगी बल्कि पड़ोसी राज्यों महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश से जुड़े इस जिले को भी सीधा लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र में आवागमन, कारोबार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। शहरवासियों का कहना है कि मेट्रो ट्रेन से राजनांदगांव जुड़ने पर पूरा अंचल विकास की नई राह पर आगे बढ़ेगा। वहीं स्थानीय युवा भी सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर इस मांग को मुखर बनाने में जुट गए हैं। उनका कहना है कि मेट्रो जैसी आधुनिक सुविधा से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और शहर का भविष्य और उज्ज्वल होगा। बैठक में कैट के संरक्षक अनिल बरडिया, शरद अग्रवाल, अशोक पांडे, राजू डागा, भावेश अग्रवाल, आलोक बिंदल, ओमप्रकाश भूतड़ा, संजय तेजवानी, प्रकाश कांकरिया, राहुल जायसवाल, सागर चितलांग्या, संजय जैन एवं मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संतुराम कंवर पिता श्री अमोली राम जाति कंवर निवासी ग्राम विचारपुर नवागांव तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैं अपनी पुत्री का पुराना नाम सुखमणी कंवर त्रुटिपूर्ण दर्जहै, जिसे बदलकर सुषमा रख लिया है। जो सत्य व सही। अतः आज से मेरी पुत्री का नाम सुषमा से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम सुषमा से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

संतुराम कंवर
पिता श्री अमोली राम जाति कंवर निवासी ग्राम विचारपुर नवागांव तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्यारीराम कंवर पिता श्री पूतराम जाति कंवर निवासी ग्राम विचारपुर नवागांव तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मैं अपनी पुत्री का पुराना नाम अरोसी कुमारी दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण दर्ज है, जिसे बदलकर आयुषी रख लिया है। जो सत्य व सही। अतः आज से मेरी पुत्री का नाम आयुषी से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम आयुषी से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

प्यारीराम कंवर
पिता श्री पूतराम जाति कंवर निवासी ग्राम विचारपुर नवागांव तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रानू साहू पिता श्री अगनू साहू आयु 18 वर्ष निवासी-झीकादाह तह. व जिला खैरागढ़ (छ:ग)

यह शपथ करती हूँ कि मैनें अपना नाम बदलकर रेणुका पिता श्री अगनू साहू रख लिया है। अतः आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम रेणुका पिता श्री अगनू साहू से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूँ।

रेणुका
पिता : श्री अगनू साहू
निवासी : झीकादाह तह व जिला खैरागढ़ (छ:ग)

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
राजस्व मामला क्रमांक 202509093700040 अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक गुप्ता आ. मनीश गुप्ता एवं अन्य, निवासी स्टेशनपारा, राजनांदगांव द्वारा शहर राजनांदगांव के मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 45 डी, भूखण्ड क्रमांक 86/9, क्षेत्रफल 30.00 वर्गमीटर जो धारक मोहन आ. वासुदेव नंदनवार, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 10.10.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जशोदा बाई शर्मा पति स्व. रेवड़मल शर्मा निवासी हाउस नं. 218, वार्ड नं. 25 भरकापारा राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूँ। अतः इससे पहले मुझे यशोदा बाई शर्मा पति स्व. रेवड़मल शर्मा नाम से जाना जाता था। मैं सभी को सूचित करना और अनुरोध करना चाहती हूं कि अब मुझे मेरे नए नाम जशोदा बाई शर्मा पति स्व. रेवड़मल शर्मा निवासी हाउस नं. 218, वार्ड नं. 25 भरकापारा राजनांदगांव (छ.ग.) से ही जाना व पहचाना जाये। उक्त नाम परिवर्तन सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन करने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सूचना जानें।
- शपथकर्ता व प्रार्थी -
जशोदा बाई शर्मा
पति स्व. रेवड़मल शर्मा निवासी हाउस नं. 218, वार्ड नं. 25 भरकापारा राजनांदगांव (छ.ग.) 491441


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-8
790-6 135-9
राजधानी
3-4-0
468-8 579-1

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## एसपी ने पुलिस विभाग में की सर्जिकल स्ट्राइक, 148 पुलिसकर्मियों का तबादला व्यवस्था में कसावट की कोशिश

राजनांदगांव(दावा)। जिले में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने एवं आंतरिक अनुशासन व संतुलन कायम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए एक साथ 148 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। यह आदेश 24 सितंबर 2025 से तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इस व्यापक तबादला आदेश में उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, महिला पुलिस आरक्षक, आरक्षक (चालक), साइबर सेल, यातायात शाखा, रक्षित केंद्र, कोतवाली, महिला थाना, एमटी शाखा, सखी वन सेंटर, बीडीएस टीम, डायल-112 सहित जिले के लगभग हर प्रमुख थाना, विशेष शाखा और विभाग को कवर किया गया है।

तबादलों में स.उ.नि. शरद कुमार को यातायात शाखा से रक्षित केंद्र राजनांदगांव, अनिल गहिने को बोरतलाव से डोंगरगढ़, डेजलाल मांडले को बसंतपुर से डोंगरगढ़, उदय सिंह चंदेल को कोतवाली से छुरिया और महेन्द्र सिंह यादव को मोहारा से सोमनी स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार सरफुद्दीन शेख अब चिचोला से डोंगरगांव, अनिल यादव रीडर-2 से डोंगरगांव, डोमार सिंह चंद्रवंशी रक्षित केंद्र से सुरगी, चैतु राम आर्य डोंगरगांव और सुमन कर्ष को मोहारा से सोमनी भेजा गया है। आर. राजू को बसंतपुर से सुरगी, हेमंत बोरकर गैंदाटोला से डोंगरगढ़, गणेश सिंह चौहान साइबर सेल से कोतवाली, रविशंकर पैकरा और अनिल झा डोंगरगांव से रक्षित केंद्र, शत्रुहन पटेल को सुकुलदैहान और ए.पी. शीला को लालबाग से चिचोला पदस्थ किया गया है। ड्राइवर ईश्वन नायक को एमटी शाखा से कोतवाली भेजा गया है। बिरबल सिंह, तेज कुमार किस्पोट्टा को यातायात शाखा से रक्षित केंद्र,



ललिता तुलावी को बसंतपुर से डोंगरगांव, मिलन राम गंजीर को कोतवाली से एमटी शाखा और अरुण कौमार्य को कोतवाली से रक्षित केंद्र भेजा गया है।

शिवकुमार नेताम, बृजमोहन यादव, चंद्रेश सिन्हा को कोतवाली से क्रमशः डोंगरगांव, डोंगरगांव और तुमड़ीबोड़ भेजा गया है। संतोष मिश्रा को चिखली से बागनदी और वंदना बिसेन को चिचोला से लालबाग, धर्मेंद्र कुमार साहू को चिखली से कोतवाली, राजकुमार वर्मा पुलिस बैंक से चिखली और कृष्णपाल द्विवेदी रक्षित केंद्र से यातायात शाखा में स्थानांतरित किया गया है। किरण इन्दौरिया, संजीव चौरसिया, अफजल खान, राजश्री सिंह, शमा नसरीन, रूपेश देवांगन, घनश्याम सिन्हा, जमीला बेगम, रमाशंकर सिंह, मोहन चंदेल, हुमन लाल तारम, माया सिंह, ईमल किशोर, चन्द्रभूषण सिन्हा, संजय चौधरी, भूपेन्द्र कौंचे, विनिता पैकरा, चन्द्रकली, लीना साहू, पेमिन कतलम, धनेश्वरी साहू, अर्चना लकड़ा, अभिलाषा यादव, रानी साहू, सरिता साहू, अश्विनी निर्मलकर, सेलिया नेताम, पूनम बैस, हीमा चन्द्राकर, अंकिता गुप्ता, पुनिता कचलामें, सिन्धु फुले, सुरभि बरिहा, पिंकी कोसले, संगीता मण्डावी, सोनिका श्रीवास्तव, पूनम कुलदीप, शिवकुमारी जगत, अनुपमा चंद्रवंशी, कुसुम मिंज (एक्का), शेषनारायण सिन्हा, गोपेन्द्र चौहान, कमलेश्वर सिंह, शिवराम यदु, रामेश्वर हिरवानी, शिवम कोसरिया, बिजेन्द्र सिंह ठाकुर, रविकांत, ओम प्रकाश सिन्हा, जितेन्द्र कुमार कश्यप, रंजीत चौरसिया, रामचरण, तुषार मरकाम, देवल सिंह पिस्दा, बिसराम वर्मा, पुष्पेन्द्र कौशिक, बलराम ठाकुर, कमल कुमार नेताम, धर्मेन्द्र सिंह, संतोष राव, अर्जुन सिंह ठाकुर, दुर्गेश कुमार भूआर्य, प्रद्युमन पैकरा, दिलीप कुमार साहू, दुम्मन लाल देशमुख, कौशल सुधाकर, अजय सिंह ठाकुर, आयुब एक्का, मनोज हरमुख, सौरभ बुराडे, तिलक कुमार कंवर, रामखिलावन सिन्हा, धर्मेन्द्र माण्डले, मुंज लाल ठाकुर, जयकुमार कंवर, कार्तिक राम यादव, सुमित कुमार यादव, दीपक कुमार भोई, मनोज कुमार सोना, विद्याधर मांझी, परमेश्वर कौशिक, मोहन लाल साहू, तौफिक कुरैशी, सुभाष, अरुण कुमार मनहर, रामेश्वर, टीकाराम साहू, धर्मेन्द्र कुमार कंवर, जितेन्द्र चन्द्राकर, जलेश्वर, सुधीर कुमार, सिद्धनाथ राजपूत, महेश कुरै, मोरध्वज देशलहरे, दिलीप कुमार, दुर्गेश कुमार, प्रदीप कुमार, त्रिभुवन लाल, पुनेश्वर साहू, विक्रम सिंह चंद्रवंशी, नेतराम साहू, देवेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, अश्वनी कुमार कुर्रे, गुलाब सिंह, देवेन्द्र ब्रम्हणकर, शिवेश गजभिये, राजेश कुमार साहू, अमित कुमार चन्द्रा, ओमप्रकाश, चन्द्रशेखर, अविरल भगत, संतोष कुमार महिपाल, गौरव शेण्डे, चन्द्र प्रताप सिंह और सीबती साहू जैसे पुलिसकर्मियों को भी उनके वर्तमान स्थान से नवीन पदस्थापना स्थल पर भेजा गया है।

इस आदेश को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा हस्ताक्षरित कर 24 सितंबर 2025 को जारी किया गया, जो तत्काल प्रभावशील है। यह कदम विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावशाली बनाने और कार्य विभाजन में संतुलन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक,जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-पुअराज/एसी-1/निविदा क्रमांक/255-256/2025 — राजनांदगांव, दिनांक - 24.10.2025

पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र-अ में निम्नानुसार ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा आमंत्रित किया जाता है:-

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदाकारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 255 | डीआईजी आईटीबीपी कार्यालय भवन में पूर्व से निर्मित टायलेट/बाथरूम में मरम्मत कार्य। | 2.50 | 2500 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' अथवा उससे अधिक |
| 256 | आईटीबीपी कैम्प डोंगरगढ़ में बैरकों में मरम्मत कार्य। | 4.81 | 5000 | |

निविदा निःशर्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के कार्यालय में रखी हुई सीलबंद पेटी में दिनांक -08.10.2025 के 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी एवं प्राप्त निविदाओं को दिनांक - **08.10.2025 के 4.00 बजे** उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति निविदा रू. **750/-** की राशि का चालान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के नाम से ''लेखा शीर्ष-0055 एम.पी.आर. उप शीर्ष -800 अन्य रिसिप्ट'' के नाम से स्वीकार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.09.2025 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षारित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा कार्य की अवधि वर्षा ऋतु सहित दो माह की होगी। निविदाकारों को नक्सल प्रभावित क्षेत्र पुलिस विभाग थाना/चौकी/बेस कैम्प में सफलतापूर्वक निर्माण कार्य किये जाने का अनुभव होना अति आवश्यक है। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी/शर्ते अद्योलिखित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जी- 252603737/1

पुलिस अधीक्षक
जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)

# बे-मौसम बारिश ने फीका किया दुर्गोत्सव का रंग, नवरात्रि के आयोजनों पर मंडराया संकट



**बारिश से धान का फसल हो रहा प्रभावित, किसानों की बढ़ाई चिंता**

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों पूरे देश भर में शक्ति आराधना का पर्व नवरात्रि चल रहा है। 22 सितंबर से प्रारंभ नवरात्रि पर्व में मातारानी दुर्गा अंबे भवानी पूजन की धूम बनी हुई है। लोग इस पर्व में मां आदिशक्ति कीआराधना, जप- तप पूजा, ध्यान साधना उपासना के साथ कर रहे हैं। नवरात्रि में संयम अपनाते हुए व्रतादि के द्वारा मातारानी की पूजा-भक्ति की जा रही है। मातारानी के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। जम्मा जागरण किया जा रहा है। जस- जगराता आयोजित हो रहे हैं लेकिन इन धार्मिक अनुष्ठानों के कार्यक्रम में बे-मौसम बारिश का बना माहौल खलल डालने का काम कर रहा है। इससे नवरात्रि दुर्गोत्सव का आयोजन फीका पड़ने लगा है। नवरात्रि पर्व पर लोगों के मनोरंजनार्थ आयोजित किए गए आयोजन रद्द करने पड़ रहै या उससे आने वाले दिनों के लिए टाल दिया जा रहा है।

### नवरात्रि पर्व के आयोजन हो रहे प्रभावित

बता दें कि शहर के बसंतपुर गंज मंडी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि में दुर्गोत्सव पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है लेकिन बारिश के चलते आयोजन को अच्छा प्रतिसाद नहीं मिल पा रहा है। हालांकि गंज मंडी के दुर्गोत्सव पंडाल में केदारनाथ की भव्य झांकी दिखाया गया है लेकिन मंडी शहर से दूरी पर होने व समय बे-समय बारिश होने के चलते उक्त दुर्गोत्सव झांकी का दर्शन करने लोग नहीं जा पा रहे हैं। मंडी दुर्गोत्सव समिति द्वारा 25 सितंबर को सुप्रसिद्ध जस जगराता गायक दिलिप षड़ंगी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, लेकिन यह कार्यक्रम बारिश की भेंट चढ़ गया। इस कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। इसी तरह बारिश के चलते शहर में और कोई कार्यक्रम नहीं हो पा रहा। इससे इस बे-मौसम की बारिश ने लोगों के उत्साह को ठंडा कर दिया है। बारिश के कारण मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों की संख्या भी कमी देखी जा रही है।बे- मौसम की बारिश ने मां बम्लेश्वरी के दरबार में मत्था टेकने जा रहे पदयात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। इस बारिश से दुर्गा समिति के लोग भी परेशान हैं।समय बे समय की बारिश से मां की पूजा-अर्चना में भी खलल पड़ रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो क्वांर माह की इस बे- मौसम बारिश ने लोगों की जहां परेशानी बढ़ा दी है वहीं नवरात्रि पर्व के उत्सवी रंग को फीका कर दिया है।

### बारिश ने किसान के चेहरे में बढ़ाई चिंता

बताते चलें कि मौसम विभाग ने बारिश के इस सिस्टम को अभी और तीन दिन तक बने रहने की संभावना जताई है। इससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच गई है। वर्तमान में खेतों में माई धान की फसलें गर्भावास में है। यह समय धान के पोटराने का समय है। ऐसे समय में इसे अतिरिक्त शक्ति की आवश्यकता पड़ती है। हमारे पुराने लोग इस बात को ध्यान में रखते हुए शक्ति आराधना का पर्व का सृजन? किया है। शारदीय नवरात्र पर्व में ज्योति जंवारा का इसिलिए ही रखा जाता हैं। प्रकृति रुपी आराध्या शक्ति से प्रकृति के जड़ जीवों में माता रानी से शक्ति वर्धन की कामना की जाती है। मां आदि शक्ति आपने भक्तों का पुकार सुनती है और श्रेय- श्रेय- का आशीर्वाद देती है। शारदीय नवरात्रि का यह समय बारिश पानी के चलते पूरी तरह विपरीत चल रहा है। तेज बारिश की वजह से धान की फसल में लगी बालियां गिर रही है। इससे किसानों मे खास कर हरुना धान की फसल की क्वालिटी खराब होने की चिंता बढ़ गई है। बता दें कि जिले में ज्यादातर किसान भाई धान के बजाय हरुना धान की खेती करते हैं। बे- मौसम हो रही बारिश से उन्हें नुकसान होने की संभावना सताने लगी है।

### माई धान के लिए यह बारिश लाभकारी

बताते चलें कि मानसून अभी विदाई के दौर पर है। ऐसे समय में उसकी अनपेक्षित सक्रियता ने जहां नवरात्रि पर्व के रंग को फीका कर दिया है वहीं खेती -किसानी के लिए भी नुकसान देह साबित हो रहा है। लेकिन इसे खेतों में खड़ी हरुना फसल के बजाय माई धान फसल के लिए इसे लाभ प्रद बताया जा रहा है। किसान नेता अशोक चौधरी ने बताया कि इन दिनों हो रही अनपेक्षित बारिश से किसानों को लाभ भी है और नुकसान भी हैं। उन्होंने बताया कि इस बारिश से कम दिनों में तैयार होने वाले धान की फसल हरुना के लिए आंशिक नुकसान हो सकता है वहीं देर से पकने वाली माई धान के लिए यह बारिश लाभ देने वाला है। इसके अलावा धान की कटाई के बाद चना, गेहूं व अन्य दलहन - तिलहन फसलों के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने कहा कि अब धान की फसल को अधिक पानी की आवश्यकता नहीं है।

### तापमान में गिरावट दर्ज

पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर तो कभी तेज व हल्की हो रही बारिश से जिले के जलाशय फुल हो कर छलकने लगे हैं। अधिकांश जलाशयों में क्षमता से अधिक जल भराव होन से सुरक्षा की दृष्टि से जलाशयों से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जा चुके हैं।वहीं अन्य जलाशयों से भी लगातार पानी छोड़े जा रहे हैं। इधर जिले में बनी बे-मौसम की बारिश से तापमान में 7 डिग्री की गिरावट आई है। संभावना जताई जा रही है कि अगले दो दिनों में रात ही नहीं बल्कि दिन के तापमान में भी अपेक्षित कमी आ सकती है। मौसम विज्ञानी एच पी चंद्रा ने बताया कि उत्तरी ओड़िशा और उत्तर - पश्चिम बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में निम्न दाब के क्षेत्र के प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है।

# कौरिनभाठा में चला एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता श्रमदान

**0 महापौर सहित जनप्रतिनिधियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के आसपास एवं परिसर में किये साफ-सफाई**



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में स्वच्छता पखवाड़ा एवं रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता से जुडने अपील की जा रही है। स्वच्छता अभियान में शहर में सफाई अभियान के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसमें सामाजिक संस्था, महिला समूह के अलावा स्कूल के विद्यार्थी बढ़-चढकर हिस्सा लेक रहे है और लोगों को स्वच्छता से जुडने समझाईस दे रहे है। इसी कडी में आज कौरिनभाठा में एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान चलाकर श्रम दान किया गया। अभियान में महापौर श्री यादव सहित जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के अध्यक्ष संचिन बघेल, पूर्व कृषि मण्डी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती, पार्षद शिव वर्मा, डुरेन्द्र साहू, हेमंत शेखर यादव, पूर्व पार्षद विजय राय, पूर्व नामांकित पार्षद हकीम खान,पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव, समाजसेवी सुमित भाटिया व रघुवीर सिंह वाधवा एवं जनप्रतिनिधियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में माल्यार्पण कर प्रतिमा के आसपास एवं सड़क में साफ-सफाई कर झाडू लगाकर झिल्ली पन्नी उठाऐ।

महापौर ने अपने संबोधन में पं. दीनदयाल जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्य भारत को एक विशिष्ट समाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण प्रदान किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता और आत्मनिभारता को केन्द्रित रखते हुए एकात्म मानवाद की विचारधारा को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य जन-जन को स्वच्छता से जोड़ना है। अभियान की सार्थकता तभी सफल होगी जब लोग स्वच्छता से जुडेगे। उन्होंने नागरिको से अपील कि है कि हर दिन स्वच्छता के लिए कुछ समय निकाले और अपने घरों के आसपास, मोहल्ले में साफ-सफाई करें तथा लोगों को भी इससे जोड़े, तभी हमारा शहर स्वच्छ व साफ होगा।

## गुजराती स्कूल में हुआ टाटा बिल्डिंग निबंध प्रतियोगिता संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। शहर की गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला में टाटा बिल्डिंग निबंध प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। संस्था की प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव ने बताया कि जिसका विषय 'आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए मैं पांच चीजें करूंगा' था। जिसमें जूनियर कैटिगरी हिंदी भाषा में भूमिका निर्मलकर, मुस्कान साहू, हौमिका सारथी तथा हिंदी में सीनियर कैटिगरी शुभम शर्मा, जागृति देवांगन, प्रियंका साहू विजेता रहे। जूनियर कैटिगरी अंग्रेजी भाषा में गरिमा साहू, गुरवेश देवांगन, वर्षा साहू एवं सीनियर कैटिगरी में वैष्णवी नामदेव, रुखसार खान, मयंक सोनकर विजेता रहे। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सदस्यगण ने सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बिजली उपभोक्ताओं को जीएसटी रिफार्म से भी नहीं मिली राहत- पिल्ले



**डबल-ट्रिपल इंजन सरकार की तरह डबल-ट्रिपल गुना बिजली बिल से जनता को लूट रही साय सरकार**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में डबल-तिबल गुना बढ़े बिजली बिल और दिन में दसियों बार होने वाली बिजली बंद से परेशान लोगों की परेशानी को देखते हुए नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि साय सरकार न केवल बिजली बिल बढ़ाकर जनता को लूट रही है। दिन में दसियो बार बिजली गुल से भी लोगों को त्रस्त कर रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र से लेकर राज्य व नगरीय निकाय स्तर तक तिबल इंजन वाली साय सरकार प्रदेश की जनता पर डबल-तिबल गुना बिजली बिल बढ़ाकर जनता को दोनों हाथों से लूट रही है।

नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले का यह भी कहना है कि केंद्र सरकार जीएसटी रिफार्म से लोगों को आवश्यक चीजों के दाम में कमी होने का दंभ भर रही है, लेकिन सबसे आवश्यक चीज बिजली बिल में भी राहत नहीं दे पा रही। यहां तक कि डबल-तिबल इंजन वाली सरकार अपने जीएसटी रिफार्म में पेट्रोल डीजल तक के किमतो में थोड़ा भी रिफार्म नहीं कर पाई जिसका खामियाजा लोगों को मंहगाई के रुप में झेलना पड़ रहा है। श्री पिल्ले ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार एक तरफ महिलाओं को महतारी वंदन का हजार रुपए थमा रही। वहीं दूसरे हाथ से उसे बड़ी हुई बिल से झटक भी रही है। डबल-तिबल इंजन वाली भाजपा सरकार का यह दोगला पन आम जनता को धीरे-धीरे दिखाई देने लगी और देर से ही सही उन्हें समझ में भी आ गया है कि किस जुमले बाज वाले लोगों के झांसे में आ कर अपना वोट खराब कर लिए।

# संस्कारधानी में जिला स्तरीय ओपन डिस्ट्रिक्ट कराते टूर्नामेंट का सफल आयोजन



**जिला कराते संघ के आयोजन में कराते खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा**

राजनांदगांव (दावा)। नगर में शिको काई शिटोरियू कराते डू इंटरनेशनल एवं राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय ओपन डिस्ट्रिक्ट कराते टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उक्त टूर्नामेंट में रायपुर जिले के भी खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। स्पर्धा में सब जूनियर वर्ग जिसमें 6 वर्ष से लेकर 12 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कैडेट वर्ग में 13 वर्ष से 15 वर्ष तक के खिलाडियों ने भाग लिया, जूनियर वर्ग में 15 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष तक के खिलाडियों ने एवं सीनियर वर्ग में 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले खिलाडियों ने विभिन्न भार वर्ग में काता एवं कुमीते स्पर्धा में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ कराते संघ के उपाध्यक्ष एवं जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष सेंसाई कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, अंतर्राष्टीय कराते खिलाड़ी एवं गुण्डाधुर अवॉर्डी सेंसाई अंबर सिंह भारद्वाज, गायत्री स्कूल के प्रशिक्षक सेंसाई जयप्रकाश साहू, नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल के प्रशिक्षक सेंसाई दुर्गेश साहू, रायपुर के सीनियर प्रशिक्षक सेंसाई रमेश प्रधान, राजनांदगांव शिको काई शितोरियू कराते डू इंटरनेशनल के सीनियर खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक करण साहू टिकेश्वर साहू, जयदीप सिंहा, सुधा साहू, लोकिता साहू, ममता नगर स्कूल से काजल यादव, आदित्य का सराहनीय योगदान रहा।

उक्त टूर्नामेंट में राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के 35 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया एवं 24 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक,एवं 17 कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। सभी विजेता खिलाड़ियों को राजनांदगांव जिला कराते संघ के सचिव एवं ओपन डिस्ट्रिक्ट कराते टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक सिहान मुरली सिंह भारद्वाज 6 डिग्री ब्लैक बेल्ट ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम निम्नानुसार है- सब जूनियर बालक वर्ग में शिवांश सोनी को काता में स्वर्ण कुमीते स्पर्धा में स्वर्ण पदक, मानविक सेठिया को काता में स्वर्ण पदक कुमीते में स्वर्ण पदक, कबीर सोनकर को कुमीते में रजत पदक, रिधांश चावड़ा को कुमीते में स्वर्ण काटा में कांस्य, हानोक सिन्हा काता में कांस्य कुमीते में कांस्य, श्रेष्ठ मिश्रा को कुमीते में स्वर्ण काता में रजत पदक, कबीर साहू को काता में रजत कुमीते में रजत पदक, हिमांशु झा को काता में रजत कुमीते में रजत पदक, कृष्णा शर्मा को कुमीते में रजत पदक, समर सोनी को काता में स्वर्ण कुमीते में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सब जूनियर बालिका वर्ग में आहना प्रसाद को कुमीते में स्वर्ण काता में रजत पदक, बेरुशी साहू को काता में स्वर्ण कुमीते में स्वर्ण पदक, दीतीसा साहू को कुमीते में कांस्य पदक, हिमांशी सिंह कुमीते में कांस्य, हरितमा सिंह कुमीते में कांस्य, वैशाली दास कुमीते में रजत, आयुषी वर्मा को काता में स्वर्ण कुमीते में रजत पदक, मान्या साहू को काता में स्वर्ण कुमीते में स्वर्ण, ख्याति साहू कुमीते में स्वर्ण काता में कांस्य, अद्विका दुबे कुमीते में स्वर्ण काता में कांस्य, आद्या साहू कुमीते में रजत पदक, पावनी साहू को काता में रजत पदक प्राप्त हुआ। कैडेट बालक वर्ग दीपांशु सिंहा को काता में स्वर्ण कुमीते में स्वर्ण पदक, सानिध्य मौर्य को कुमीते में स्वर्ण पदक प्रात हुआ। कैडेट बालिका वर्ग में विधि सिन्हा को कुमीते में कांस्य पदक एवं पूर्वील साहू को काता में स्वर्ण कुमीते में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

# कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

**लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम के तहत आदेश, उल्लंघन पर 50,000 रुपए जुर्माने का प्रावधान**

राजनांदगांव (दावा)। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेशानुसार प्रदेश के ऐसे शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय व संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतिरोष) अधिनियम 2013 अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा।

अधिनियम की धारा 4 के अनुसार ऐसे समस्त कार्यस्थल व संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी नियोजित है। वहां नियोजक लिखित आदेश द्वारा आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाएगा। आंतरिक समिति में एक पीठासीन अधिकारी (कार्यस्थल पर ज्येष्ठ स्तर की महिला कर्मचारी), कर्मचारियों में से कम से कम 2 सदस्य जो महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध हो, एक सदस्य महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध किसी गैर-सरकारी संगठन से हो शामिल करते हुये समिति का गठन किया जाएगा। सभी कार्यालयों एवं संस्थानों जैसे हॉस्पीटल, नर्सिंग होम, गॉल, स्कूल, बैंक, दुकान, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, लॉज, शो-रूम, ट्रस्ट, फैक्ट्री अन्य संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी हो तत्काल आंतरिक शिकायत समिति गठन सुनिश्चित करने कहा गया है। यदि 10 या उससे अधिक कर्मचरियों वाले किसी भी संस्थान द्वारा आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं करने पर धारा 26 के तहत 50 हजार रूपए जुर्माना का प्रावधान किया गया है।

# रायपुर से दुर्ग चलने वाली मेट्रो का विस्तार राजनांदगांव तक किया जाए - डीसी जैन



राजनांदगांव (दावा)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत रायपुर से दुर्ग चलने वाले मेट्रो ट्रेन का विस्तार राजनांदगांव तक किए जाने के संबंध में आज एक ज्ञापन सौंप कर समिति की ओर से मांग की गई कि रायपुर से दुर्ग चलने वाली मेट्रो का विस्तार राजनांदगांव तक किया जाए, ताकि राजनांदगांव से रायपुर राजधानी जाने वाले लोगों को सहूलियत प्राप्त हो सके। इस संदर्भ में शिवनाथ क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के द्वारा यह भी बताया गया कि राजनांदगांव से बहुत बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन रायपुर अपने कार्य और प्रशासनिक एवं राजनीतिक कार्यों से आते जाते हैं। यदि मेट्रो की सुविधा उन्हें प्राप्त होती है तो राजनांदगांव को एक बड़ी सौगातमेट्रो की प्राप्त होगी और रोड पर बढ़ाने वाले दबाव कम होंगे तथा हजारों रुपए के यात्रा खर्च से लोगों को बचत होगी। इन्हीं सब विचारों को लेते हुए उन्होंने समिति की ओर से डॉ. रमन सिंह से रूबरू मुलाकात कर उनसे यह भी मांग की कि आप केंद्र सरकार के मंत्री रह चुके है व 4 बार मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष के पद पर आसीन है, इसलिए राजनांदगांव की जनता आपसे बहुत अधिक अपेक्षा करती है। इन्हीं भावनाओं के साथ समिति के अन्य सदस्यगण भी डॉक्टर साहब के समक्ष उपस्थित होकर ज्ञापन सौंप दिए। जिसमें प्रमुख रूप से शैलेंद्र तिवारी, अमलेंदु हजरा, कचरू शर्मा, हरिजीत सिंह भाटिया, राकेश ठाकुर, विजय हरिहारनों एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### सोनोग्राफी कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 3 तक

राजनांदगांव (दावा)। जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के मातृ एवं शिशु इकाई में सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सिर्फ गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी हेतु रेडियोलॉजिस्ट की आवश्यकता है। इच्छुक रेडियोलॉजिस्ट अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, अनुभव प्रमाण पत्र के साथ प्रति सोनोग्राफी का दर बंद लिफाफे में कार्यालय सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में 3 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते है।

# डोंगरगढ़ के पंडालों में पीएचई कर रहा शुद्ध जलापूर्ति

राजनांदगांव (दावा)। माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि पर पर्व पर आयोजित मेले में शामिल होने वाले दर्शनार्थियों एवं पदयात्रियों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजनांदगांव द्वारा पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम अंजोरा से रामदरबार, बापूटोला से सुकुलदैहान होते हुए अछोली तक तथा मोहारा से दवकट्टा, बोरतलाब एवं डोंगरगढ़ मेला ग्राउण्ड में लगभग 32 पंडालों में 47 यूपीव्हीसी टैंक, 11 सिंगल फेस पावर पंप एवं 7 टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है। पेयजल के सुचारू व्यवस्था के लिए तीन पालियों में 43 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। पंडालों में अधिकारी-कर्मचारियों का मोबाईल नंबर दर्ज है, जिस पर संपर्क कर पेयजल से संबंधी समस्या के निवारण किया जा सकता है।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला : पंजीयन एवं मार्गदर्शन शिविर 27 को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से अक्टूबर माह में रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के लिए पंजीयन एवं साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने वाले इच्छुक युवाओं को ई-रोजगार पोर्टल में पंजीयन तथा साक्षात्कार की तैयारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षण सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो, बायोडाटा के साथ सम्मिलित हो सकते है।

# महावीर कॉलेज में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस सप्ताह समारोह संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार और सीसीआरएएस के निर्देशानुसार महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस, सुंदरा में 17 से 23 सितंबर तक राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आयुर्वेद और स्वास्थ्य से संबंधित जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

### आयुष आहार प्रदर्शनी में एसपी ने ली जानकारी

सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम के तहत 22 सितंबर को आयुर्वेदिक छात्र-छात्राओं द्वारा आयुष आहार प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और अम्लपित्त जैसे रोगों के उपचार में सहायक आयुर्वेदिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, मोहित गर्ग ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों से विभिन्न आहारों के औषधीय गुणों की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा, डीन डेंटल कॉलेज सुंदरा, यूथ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री एन. सी. पारख और महाविद्यालय प्रबंधन सदस्यगण मौजूद रहे।

### आयुर्वेद के महत्व पर सांसद ने की चर्चा

समापन दिवस 23 सितंबर को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद राजनांदगांव, संतोष पाण्डेय की गरिमामय उपस्थिति रही। महाविद्यालय के अध्यक्ष एन.सी. पारख, उपाध्यक्ष एस. के. बोद्दुनु और सचिव संजय गोलछा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। सांसद पाण्डेय ने आयुर्वेद की वैश्विक भूमिका और कोरोना महामारी के दौरान आयुर्वेदिक काड़े की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### जन-जागरूकता और सेवा कार्य

महाविद्यालय के डीन डॉ. एस.के. नंदा ने बताया कि आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में अनेक सेवा कार्य किए गए। इनमें जन-जागरूकता स्वास्थ्य रैली, विभिन्न स्कूलों में आयुर्वेद पर चर्चा, ग्राम पंचायत पदुमतरा में विशाल स्वास्थ्य मेला (जिसमें लगभग 600 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया) और वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शामिल हैं। इसके अलावा, परिसर में 200 से अधिक औषधीय पौधों का वृक्षारोपण और कैंसर की रोकथाम पर रंगोली प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन एक वैज्ञानिक सत्र के साथ हुआ। जिसमें डीन डॉ. एस.के. नंदा ने छात्र-छात्राओं को खराब जीवनशैली से होने वाले प्रमुख रोग मधुमेह के निदान, लक्षण और उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

## अनमोल दावा

**“ साहसी व्यक्ति कभी बुरा काम नहीं करता।**

## किसानों के लिए वरदान है नया जीएसटी, बढ़ेगी आय और मिलेंगे अधिक निवेश के अवसर

खेती सरल हो, उत्पादन लागत घटे और किसान को अधिक मुनाफा हो, इसके लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। अन्नदाताओं का जीवन बदलना और कृषि को विकसित बनाना प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य भी है और संकल्प भी। हाल में जीएसटी परिषद द्वारा किए गए संशोधन किसान हितैषी सोच को दर्शाते हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने जीएसटी में नेक्स्ट जेनरेशन रिफार्म का जो संकल्प लिया था, आज वह नए भारत की समृद्धि का आधार बन रहा है। देश की आम जनता और किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जीएसटी दरों में जो व्यापक सुधार किए गए, वे कृषि व्यवस्था को गति और किसानों को प्रगति देने वाले हैं। इन सुधारों से देश के 10 करोड़ से अधिक सीमांत किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा। पहले जहां कृषि उपकरणों पर 18 प्रतिशत तक जीएसटी देना पड़ता था, वहीं अब यह दर घटाकर केवल 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसका मतलब है कि हर किसान को हजारों रुपये की सीधी बचत होगी। यदि कोई किसान 35 हार्सपावर का ट्रैक्टर खरीदता था तो पहले उसे लगभग 6.5 लाख रुपये खर्च करने पड़ते थे। अब यही ट्रैक्टर करीब 6.09 लाख रुपये में मिलेगा। यानी लगभग 41 हजार की बचत होगी। 45 एचपी ट्रैक्टर पर करीब 45 हजार और 50 एचपी ट्रैक्टर पर 53 हजार रुपये की सीधी बचत होगी। बड़े 75 एचपी ट्रैक्टर पर लगभग 63 हजार रुपये का लाभ होगा। ट्रैक्टर ही नहीं, पावर टिलर पर करीब 12 हजार, धान रोपण यंत्र पर 15 हजार और थ्रेशर पर लगभग 14 हजार रुपये की राहत मिलेगी। पावर वीडर और सीड-ड्रिल जैसे उपकरणों पर भी 5 से 10 हजार रुपये तक की बचत होगी। जीएसटी सुधारों से कटाई और बोआई की बड़ी मशीनें भी किसानों को सस्ते में उपलब्ध हो सकेंगी। 14 फीट कटर बार पर करीब 1.87 लाख, स्क्वायरबेलर पर 94 हजार और स्ट्रारीपर पर करीब 22 हजार रुपये बचेंगे। मल्चर, सुपरसीडर, हैप्पीसीडर और स्प्रेयर भी सस्ते हुए हैं।

कृषि को अधिक लाभदायक बनाने के लिए मशीनीकरण जरूरी है। स्प्रिंकलर, ड्रिप इरिगेशन, कटाई मशीन, हाइड्रोलिक पंप और कलपुर्जों पर टैक्स घटने से सीमांत किसान भी आसानी से आधुनिक उपकरण खरीद पाएंगे। इससे श्रम लागत कम होगी, समय बचेगा और उत्पादकता बढ़ेगी। खेती के खर्च में कमी आने से स्वाभाविक रूप से किसान की आमदनी में वृद्धि होगी।

ये अनुमानित कीमतें हैं। कंपनियों और राज्यों की नीतियों के आधार पर थोड़ी-बहुत भिन्नता संभव है, लेकिन यह तय है कि किसानों की लागत घटेगी और फायदा निश्चित मिलेगा। किसानों को घटी हुई दरों का लाभ तुरंत मिले, इसके लिए मैंने कृषि मशीन निर्माताओं के संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। ये सुधार केवल किसानों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की आर्थिक चक्रीयता और आत्मनिर्भरता के लिए अभिनंदनीय कदम हैं। कृषि की लागत घटने से किसान अपनी उपज से अधिक लाभ कमा पाएंगे, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। इसका सकारात्मक असर लघु और कुटीर उद्योगों पर भी पड़ेगा, क्योंकि उन्हें कच्चा माल सस्ते में उपलब्ध होगा और उत्पादन लागत घटेगी। साथ ही एमएसएमई क्षेत्रों को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कृषि एवं पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। मधुमक्खी पालन, डेरी, पशुपालन और सहकारी समितियों को जीएसटी में जो छूट दी गई है, उससे ग्रामीण आर्थिकी में नई समृद्धि आएगी। जब किसानों के खर्च कम होंगे और उनकी आय बढ़ेगी, तो वे अपनी जीवनशैली, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक निवेश कर सकेंगे, जिससे जीवन का चहुंमुखी विकास संभव होगा।

आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ रही है, तब किसानों को सस्ते दामों पर जैव-कीटनाशकों और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी 12 से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इससे किसान रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने के बजाय धीरे-धीरे जैविक उर्वरकों की ओर बढ़ेंगे। मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, धरती मां का स्वास्थ्य सुधरेगा और किसानों की लागत भी कम होगी। किसानों की जोत का आकार छोटा है, इसलिए हम इंटीग्रेटेड फार्मिंग और कृषि संबद्ध क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, ताकि किसानों की आय तेजी से बढ़े।

जीएसटी सुधारों से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को राहत मिली है। कोल्ड स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट्स में निवेश बढ़ने से किसानों की उपज लंबे समय तक सुरक्षित रहेगी और प्रसंस्करण के बाद उसे बेहतर दाम मिलेगा। प्रधानमंत्री ने हमेशा कहा है कि वे किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों के विरुद्ध किसी भी नीति और समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। जीएसटी सुधार इसी संकल्प का प्रमाण है। इससे विदेशी वस्तुओं पर हमारी निर्भरता घटेगी और च्मेक इन इंडियाज् और आत्मनिर्भर भारतज् को बल मिलेगा। ग्रामीण भारत की समृद्धि का आधार स्वयं सहायता समूह की हमारी बहनें हैं। जीएसटी सुधारों से इन समूहों और एमएसएमई की लागत घटेगी, जिससे गांवों और कस्बों में छोटे उद्योग पनपेंगे।

ग्रामीण उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए गांवों में प्रसंस्करण इकाइयां, भंडारण और परिवहन सुविधाएं विकसित होने से विकसित और आत्मनिर्भर भारत को नई दिशा मिलेगी। कर घटने से बिक्री बढ़ेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवा गांव में रहकर ही आत्मनिर्भर बन पाएंगे। जीएसटी सुधार स्वदेशी से समृद्धि के संकल्प को सार्थक करेंगे, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था च्लांग लिव इकोनमीज् बनेगी।

## शक्ति पूजन



हर बछर शारदीय नवरात मा दुर्गा पूजा के बड सुग्घर परंपरा चलत आवत हे। राम-रावण के लडई मा श्रीराम जी हा शक्ति पूजन करिन। विधि-विधान ले देवी पूजन बर एक सौ आठ नील कमल सकेल के पूजन थाल मा रखे गे रिहिस, फेर देवी हा मर्यादा पुरूषोत्तम के परीक्षा लेय बर एक ठन कमल ला लुका दीस। भगवान राम हा मने मन गुनिस कि मोला तो मोर कौशल्या महतारी हा राजीव लोचन काहय, त मोर नयन ला अर्पित कर देथंव अतका बात ल गुनिस अऊ अपन बाण के नोक ले नयन ला निकाले धरिस, ठउँका बेरा मैया परगट होके कहिस- हे प्रभु! अईसन अल्हन झन करव। मेहा तोर सुग्घर भाव ले अब्बड़ खुश हँव। असत रूपी रावण के अंत जरूर होही, येमा शंका झन करव। तेकर पाछू क्वांर शुक्ल पक्ष दसमी के दिन रावण वध होईस।

येहा तो त्रेता जुग के बात होगे,फेर मन मा सवाल अइ जथे के ये कलजुग मा दुर्गा स्थापना कब ले शुरू होय होही? जइसे गणेश परब के शुरुआत हा आजादी के लड़ाई के बेरा मा लोकमान्य गंगाधर तिलक देश भक्ति के अलख जगाय अउ आजादी खातिर लोगन ला जोरे के जोखा-तोखा रिहिन?

आद्य शंकराचार्य जी घलो अपन आध्यात्मिक जीवन के शुरुआत मा शिव तत्व ला माने अऊ शक्ति तत्व ला थोरको नइ माने। तप करें ले शंकराचार्य के तन बढ़ दूबर-पातर अउ निरबल होगे रिहिस। एक दिन के बात आय कि वोला रद्दा रेंगत-रेंगत अब्बड पियास लगत रिहिस। उहि जघा एक झन नारी परानी ला कुँआ ले पानी भरत देख किहिस- दाई मोला पानी पिया दे? अतेक दुर्बलता रिहिस कि हाथ के अंगरी घलो काँपत राहय, अंजुली घलो बंधा नइ पावत रिहिस। पानी पियावत-पियावत नारी परानी किहिस कइसे बेटा! तँय तो शक्ति तत्व ला मानबे नई करस। फेर तोला तो शक्ति के जरूरत हावे बेटा? बस अभी पानी पीके पाछू कोती देखिस फेर वो नारी नई दिखिस। शंकराचार्य जी समझगे कि वो कोई साधारण नारी नोहे सँउहत जगदम्बा आय। तेकर पाछू आद्य शंकराचार्य जी हा भवान्याष्टक के रचना करिस। भवान्याष्टक माता रानी के शरणागति के अतेक सुग्घर रचना आय कि बुधियार मनखे मन येकर पाठ करे ले त्रिविध ताप संताप नइ व्यापे। शक्ति पूजन परम्परा ला अद्वैत दर्शन के शिखर पुरुष आद्य शंकराचार्य जी के जीवन मा घटे कतकोन घटना प्रभावित करे हावय।

फेर बंगाल राज्य मा सैकड़ों बछर ले दुर्गा स्थापना होवत आय हावय। यहू बात सिरतो जनाथे के बंगाल ले येकर शुरुआत होवत-होवत हमर देश के आने-आने राज्य मा दुर्गा पूजा होवत गिस।पश्चिम बंगाल मा जऊन ढंग अउ रीत-नीत ले दुर्गा पूजा होथे वइसन ढंग ले दूसर जघा मा कम देखे बर मिलथे। फेर पश्चिम बंगाल मा सबले पहिली दुर्गा पूजा कब ले शुरू होइस होही मन मा जिज्ञासा जगथे।



नौवीं सदी मा बंगाल के रघुनंदन भट्टाचार्य नांव के विद्वान हा पहिली घांव दुर्गा पूजा शुरू करिन अइसे बात के उल्लेख मिलथे। अउ एक बात के जानकारी घलो मिलथे कि कुल्लक भट्ट नांव के पंडित के देखरेख मा ताहिरपुर के जमींदार नारायण हा दुर्गा पूजा करवाय रिहिन, फेर ये आयोजन पारिवारिक रिहिस। बंगाल मा पाल अउ सेनवंशी मन हा दुर्गा पूजा ला बड महत्तम देईन।

कहे जाथे कि 1757 के प्लासी के लडाई के पाछू शक्ति पूजन शुरू होय हावय। प्लासी के लड़ाई मा अंग्रेज मन के जीत होईस। त भगवान ला धन्यवाद देय बर पहली बेर दुर्गा पूजा के आयोजन होईस। ये लड़ई मा बंगाल के शासक नवाब सिराजुद्दौला ल मुँह के खाय ल परगे। बंगाल के मुर्शिदाबाद के दक्षिण कोती 22 मील दूरिहा गंगा तीर प्लासी नाम के जघा हावय, इहिंचे 23 जून 1757 के दिन नवाब सेना अऊ अंग्रेज मन के बीच लड़ाई होईस। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के सेना हा रॉबर्ट क्लाइव के अगुवाई मा लड़ाई लड़े रिहिन। अंग्रेज मन के छल बल हा तो जग जाहिर हवय। रॉबर्ट क्लाइव हा नवाब के कोनो-कोनो दरबारी अऊ नगर सेठ मन ला अपन डाहर मिला डारे रिहिस।

रॉबर्ट क्लाइव अपन जीत बर भगवान ला धन्यवाद देना चाहत रिहिस। फेर बात अईसन आय कि नवाब सिराजुद्दौला अपन इलाका के सबो चर्च मन के दुर्गति कर डारे रिहिस त करे ते काय करे जाय? अईसन समे मा अंग्रेज मन के सहयोग करईया राजा नव कृष्णदेव आघू आइस। वोमन रॉबर्ट क्लाइव ला दुर्गा पूजा करवाय खातिर मनाईस कि शक्ति पूजा के माध्यम ले भगवान ला धन्यवाद ज्ञापित करे जा सकत हे। पहिली बखत जमगरहा दुर्गा पूजा होय रिहिस। कलकत्ता शहर जगमग-जगमग चमकत रिहिस। शोभा बाजार के पुरातन बाड़ी मा कृष्णनगर के महान चित्रकार अउ मूर्ति बनईया मन ला बलाय गिस। बर्मा अउ लंका ले नचईया- गवईया बडे-बडे कलाकार मन ला घलो बलाय गिस। रॉबर्ट क्लाइव हा हाथी मा बइठ के ये आयोजन ला देखिस। अईसन चकाचौंध ले भरे आयोजन ल देखे बर दुरिहा-दूरिहा के मनखे मन आय रिहिन। ये आयोजन के सत्यता दू चार ठन चित्रकारी मा देखे बर मिले हावय। अईसन चकाचौंध ले सजे आयोजन ल देख सुन बडे-बडे अमीर अउ जमींदार मन अकचगागे। फेर पाछू समे मा अपन रुआब देखाय बर दुर्गा पूजा के आयोजन करे लागिन। 1757 के बाद 1790 मा राजा, सामंत अउ जमींदार मन बंगाल के नदिया जनपद के गुप्ती पाढ़ा मा सार्वजनिक दुर्गा पूजा के आयोजन करिन। येकर बाद सामान्य जनजीवन मा शक्ति पूजा बर सुग्घर रीत ले समावन लागिस। शक्ति पूजन बंगाल के शहर,नगर गांव-गांव मा बगरत गिस।

छत्तीसगढ़ जेन ला धान के कटोरा कहे जाथे फेर ये कटोरा निमगा जुच्छा के जुच्छा राहय। इँहा के मनखे अपन भूख-दुख मेटाय खाय-कमाय बर ‘काली माटी’ टाटानगर कलकत्ता जावँय। दुर्गा पूजा देखे बर रिश्तेदार सगा सोदर मन ला बलावय। फेर इँहा छत्तीसगढ़ मा बंगाली भाई-बहिनी मन जतेक जादा भव्य दुर्गा पूजा करत रिहिन वोहा छत्तीसगढ़ मा जादा बगरिस अउ प्रभाव डारिस। जादातर दुर्गा प्रतिमा कलकत्ता ले आवय। जादातर दुर्गा स्थापना रेलवे स्टेशन के तीर तखार मा होवय। अब तो शहर नगर गांव गांव मा दुर्गा पूजा के पावन परब ला बड़ उछाह ले माता सेवा गावत बजावत, रामलीला मंचन करत करावत मनाय जाथे। फेर काय करबे कोनो भी जुग हा अपन प्रभाव देखाई देथे। रास गरबा के नांव मा फैशन शो कस देखावा, कनफोडवा डी. जे.अउ नाना किसम के विकृति हा वर्तमान समे के संगे संग अवईया भविष्य ला काय लील डारहीडयेकर कोती सबो मन ला धियान देय के जरूरत हवे। शक्ति पूजन परब के पावन पुनीत परम्परा भक्ति भाव ले भरे रहही तेमा भलाई हे। नौ दिन ले चमकट्ठा उपास अउ दसवां दिन फेर उहि अतलंग नपई बने नोहे। कन्या भ्रूण ला गरभ मा मार के नौ कन्या पूजन बर गली-गली बेटी खोजे ले कोनो देवी देंवता के दया कभू नइ मिले हे अउ न कभू मिले! सनातन परम्परा बड गहरी, वैज्ञानिक सांस्कृतिक विचार समाय हावय जेमा विश्व कल्याण के भाव निहित हावय। सादगी ले भरे पूरे शक्ति परब के निरमल सरूप हा सबर दिन बने राहय। मनखे ला तय ताप झन ब्यापे सगरो जगत सबल होवय, शक्ति क्षमा के हाथ मा बने सोहय, जग मा द्वन्द कभू झन होवय।

रोशन साहू, मोखला (राजनांदगांव)
मोबा. 7999840942

### विचार सरिता

## जीवन सूत्र: संदर्भ नये: आनंद के उस एक क्षण की तलाश, जब हम योगयुक्त होते हैं

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



हम अपने दैनिक जीवन में योग की आवश्यकता का अनुभव करते हैं। आखिर यह योग क्या है? वास्तव में यह योग स्वयं को जानने और अपनी आत्मा से साक्षात्कार करने का प्रयास है और वृहद अर्थ में यह हमें उस ब्रह्मांड की परम शक्ति से जोड़ने का माध्यम है, जिसके बाद मनुष्य के जीवन में संतुलन की अवस्था प्राप्त हो जाती है।

मनुष्य जीवन पग- पग पर नई चुनौतियों, संघर्षों और कठिनाइयों से भरा है, क्योंकि जहां कर्म है, जहां गति है, वहाँ नई-नई परिस्थितियां पैदा होती ही हैं और उन परिस्थितियों के साथ चलना सहज नहीं होता। अत: प्रत्येक स्थिति प्रारंभ में हमें कठिन ही दिखाई पड़ती है लेकिन मनुष्य के विवेक, उसके धैर्य और संतुलन से प्रत्येक विपरीत स्थिति भी अनुकूल होते जाती है।

अपने जीवन में जब हम कभी अत्यंत शांति का अनुभव करते हैं,जब हमारे मन में कोई कलुषता नहीं होती, जब हमारे मन में कोई नकारात्मक विचार नहीं होता और हृदय में आनंद की लहरें होती हैं, तो निश्चित रूप से यह वह क्षण है, जब हम उस परमात्मा से जुड़ चुके होते हैं। यही स्थिति योग की स्थिति है और मनुष्य के सारे प्रयास योग की ऐसी ही अवस्था को प्राप्त करने को लेकर है, हालांकि इस स्थिति को अपने जीवन में स्थाई बना पाना कठिन होता है।

वास्तव में किसी को ध्यान लगाने के लिए विवश नहीं किया जा सकता है। यह मनुष्य का स्वाभाविक गुण है कि वह स्वयं को अच्छी लगने वाली चीजों की ओर आकर्षित होता है। एक बच्चा पढ़ाई करने बैठता है और उसी समय उसका ध्यान बाहर गली में खेलने वाले बच्चों की ओर लगा रहता है। समय और अवस्था के अनुसार आकर्षण के केंद्र भी बदलते जाते हैं। वास्तव में सर्वकालिक आकर्षण के केंद्र तो केवल परमसत्ता ही हो सकते हैं, जिन्हें हम अपने-अपने धर्म और अपनी-अपनी मान्यता के अनुसार अलग-अलग नामों से जानते हैं, लेकिन स्वामी विवेकानंद समेत अनेक युग पुरुषों ने यह बताया कि अलग-अलग रास्तों से चलते हुए भी हम उसी एक परमात्मा तक पहुंचते हैं। आखिर उस परमात्मा में हमारी बुद्धि स्थिर कैसे होगी? पहले तो जिन चीजों को हम यथार्थ सत्य और सब कुछ मान कर उनके पीछे भागते हैं, उनके वास्तविक स्वरूप को जानकर हमें उससे विरक्ति बरतनी होगी..धीरे-धीरे बिना निषेध और मनाही के सकारात्मक रूप से विरक्ति....और साथ-साथ दूसरा उपाय है अभ्यास। मन रूपी घोड़ों पर विवेक के लगाम की साधना।

**स्त्रोत श्लोक:-**

गीता में भगवान श्री कृष्ण ने वीर अर्जुन से कहा है:-

श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला।
समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि।(2/53)।

इसका अर्थ है-तरह-तरहके वचनों को सुनने से विचलित हुई तेरी बुद्धि जब निश्चल होकर परमात्मा में स्थिर हो जायेगी, तब तू योगको प्राप्त होगा। तेरा परमात्मा से नित्य संयोग हो जाएगा।

### लघु कथा

## आपत्तिनाशक दुर्गा के बत्तीस नाम

एक समय की बात है ब्रह्मा आदि देवताओं ने पुष्प आदि विविध उपचारों से महेश्वरी का पूजन किया। इससे प्रसन्न होकर दुर्गतिनाशिनी दुर्गा ने कहा - ‘देवताओं! मैं तुम्हारे पूजन से संतुष्ट हूँ, तुम्हारी जो इच्छा हो, माँगो मैं तुम्हें दुर्लभ से दुर्लभ वस्तु प्रदान करूँगी।’ दुर्गा का यह वचन सुनकर देवता बोले-‘देवि! हमारे शत्रु महिषासुर को जो तीनों लोकों के लिये कंटक था, आप ने मार डाला, इससे सम्पूर्ण जगत् स्वस्थ एवं निर्भय हो गया।

आप की ही कृपा से हमें अपनें-अपनें पदों की प्राप्ति हुई है। आप भक्तों के लिये कल्पवृक्ष हैं, हम आप की शरण में आए हैं। अतः अब हमारे मन में कुछ भी पाने की अभिलाषा शेष नहीं है। हमें सब कुछ मिल गया, तथापि आप की आज्ञा है, इसलिये हम जगत् की रक्षा के लिये आप से कुछ पूछना चाहते हैं। महेश्वरी! कौन-सा ऐसा उपाय है, जिससे शीघ्र प्रसन्न होकर आप संकट में पड़े हुए जीव की रक्षा करती हैं।

देवताओं के इस प्रकार प्रार्थना करने पर दयामयी दुर्गा देवी ने कहा- ‘देवगण! सुनो-यह रहस्य अत्यन्त गोपनीय और दुर्लभ है। मेरे बत्तीस नामें की माला सब प्रकार की आपत्ति का विनाश करने वाली है। तीनों लोकों में इसके समान कोई स्तुति नहीं है। यह रहस्य रूप है। इसे बतलाती हूँ’ सुनो-1. दुर्गा, 2. दुर्गतिशमनी, 3. दुर्गापद्विनिवारिणी 4. दुर्गमच्छेदिनी , 5. दुर्गसाधिनी, 6. दुर्गनाशिनी,7. दुर्गतोद्धारिणी, 8. दुर्गनिहन्त्री, 9. दुर्गमापहा, 10. दुर्गमज्ञानदा, 11. दुर्गदैत्यलोकदवानला, 12. दुर्गमा, 13. दुर्गमालोका, 14. दुर्गमात्मस्वरूपिणी,15. दुर्गमार्गप्रदा,16. दुर्गम विद्या, 17. दुर्गमाश्रिता,18. दुर्गमज्ञान - संस्थाना 19. दुर्गमध्यान भासिनी, 20. दुर्गमोहा 21. दुर्गमगा 22. दुर्गमार्थस्वरूपिणी, 23. दुर्गमासुर संहंत्रि, 24. दुर्गमायुध धारिणी, 25. दुर्गमांगी 26. दुर्गमता, 27. दुर्गम्या, 28. दुर्गमेश्वरी, 29. दुर्गभीमा,30. दुर्गभामा, 31.दुर्गमो, 32. दुर्गोद्धारिणी.

जो मनुष्य मुझ दुर्गा की इस नामावली का पाठ करता है, निःसंदेह वह सब प्रकार के भय से मुक्त हो जाएगा। कोई शत्रुओं से पीड़ित हो अथवा दुर्भेय बंधन में पड़ा हो, यदि राजा क्रोध में भरकर वध के लिये या किसी कठोर दण्ड के लिये आज्ञा दे दे या युद्ध में शत्रुओं से घिर जाय या हिंसक जंतुओं के चंगुल में फँस जाय, तो इन बत्तीस नामों का एक सौ आठ बार पाठ करने से वह सम्पूर्ण भयों से मुक्त हो-जाता है।

**देवेन्द्र मोहबे, खैरागढ़**
**मोबा. 9424129646**



### सामयिक चर्चा

## 5 सितम्बर ‘शिक्षक’ दिवस तो 10 सितम्बर ‘कुशिक्षक दिवस’!

अखबार पढ़कर
बानी बोले - सुनिए गजाधर!
आज कुशिक्षकों की खबर -
हमारे राजनांदगांव के
जिला शिक्षा अधिकारी बघेल ने,
जिले में पदस्थ तीन प्रधान पाठक
एवं एक सहायक शिक्षक को
पदीय कर्त्तव्य में घोर लापरवाही बरतने
अनुशासनहीनता व शराब सेवन के कारण,
छत्तीसगढ़ सेवा नियम के तहत,
तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।
डीईओ ने ठीक किया है।
लोग ऐसे भ्रष्ट शिक्षकों पर हँसते हैं
गजाधर! आप क्या कहते है?’’
गजाधर मुस्कराए बोले - ‘‘बानी!
जैसे पॉच सितम्बर को
‘शिक्षक दिवस’ मनाया जाता है
राष्ट्र निर्माताओं को शाल, श्रीफल से
सम्मानित किया जाता है।
तो हमारी राय में बानी!
शराबी, भ्रष्ट अनुशासनहीन शिक्षकों के लिए,
दस सितम्बर को
‘कुशिक्षक दिवस’ मनाना चाहिए।
उन्हें, उस दिन,
बेशरम फूल का माला पहनाकर,
जुलूस रूप में,
सड़क-सड़क घुमाना चाहिए’’।



गिरीश बक्शी

### मईया के सोलहा सिंगार


## //जस गीत//

मईया के सोलहा सिंगार
मोर मन ल भाए
मईया के सोलहा सिंगार,,,
मईया के दमके सिंगार
जमो जग ल भाए
मईया के सोलहा सिंगार,,,
भोर के लाली मांग म सिंदूरी
फुल मोंगरा के गजरा ह भाए
लाली सिंदूरिया मंदार फुलवा
गला म तय हार सिंगार बनाए
मईया के सोलहा सिंगार,,,
तोर कान के कुण्डल हर दाई
जोगनी बरोबर दमकत हावय
रातरानी के फुलवा कस झूलय
फुलवारी ह सुग्घर महमहावय
मईया के सोलहा सिंगार,,,
कारी बदरिया काजर हर लागय
जगमग ज्योति आँखी हर बरय
नाक नथुनिया चोर मोती मोहय
फुल कमल तोर मुखड़ा लागय
मईया के सोलहा सिंगार,,,
तोर भगत मिल तोर जस गावय
लाली फुलवा ल चरण चढ़ावय
तोर अर्जी अउ बिनती ल करके
तोर सुग्घर आशीष ल सब पावय
मईया के सोलहा सिंगार,,,



अशोक पटेल ‘आशु’
तुस्मा, शिवरीनारायन (छ.ग.)
9827874578

### राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। साथ ही आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, सभी आपकी वाह-वाही करेंगें।



**वृष राशि**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। इस राशि के कला के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों का समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा, आपके क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का लाभ मिलेगा।



**कर्क**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। आज आप पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। आज आपको अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।



**सिंह**

आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका काम बन जायेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के केमिस्ट शॉप के व्यक्तियों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश करेंगें। आज अचानक किसी मेहमान के आने से महिलाएं रसोई घर में व्यस्त रहेंगी।




**कन्या**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको सरकारी कामों में किसी अनुभवी से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जाएगा। आज आपका पूराना दोस्त आपको फोन कर के आपको सरप्राइज देगा। आज आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। आज तरक्की आपके कदम चूमेगी।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। साथ ही परिवार के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज कारोबार के लिहाज से सब ठीक रहेगा। माता को मिठाई से भोग लगाए, परिवारिक रिश्तों में मिठास आयेगी।




**वृश्चिक**

आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे । आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। इस राशि के मार्केटिंग की जॉब कर रहे व्यक्तियों से आज कोई अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में बड़ा धन लाभ कराएगा।




**धनु**

आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी। आज का दिन जीवन में तरक्की दिलाने होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। इस राशि के वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा।




**मकर**

आज आपका दिन ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के क़ानूनी मामलों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा न करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।



**कुंभ**

आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। आज ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। साथ ही आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी।



**मीन**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। आपको बिजनेस में बड़ी डील का ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। इस राशि के मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आज आपको बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# डॉ. रमन सिंह से महिला सरपंच व सचिव सहित सभी पंचों ने जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू की शिकायत की

### अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं द्वारा मानसिक प्रताड़ना एवं जातिगत भेदभाव को लेकर की गई शिकायत

### 0 निराधार आरोप लगाकर राजनीतिक द्वेषवश की गई शिकायत - किरण साहू

### 0 मामला - जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति किरण साहू द्वारा ग्राम पंचायत चौथना की महिला सरपंच व सचिव को मानसिक एवं जातिगत प्रताड़ना का



डोंगरगढ़(दावा)। महिला जनप्रतिनिधि के खिलाफ उन्हीं के गृह ग्राम की महिला सरपंच व महिला सचिव द्वारा पंचगनों की सहमति से मानसिक प्रताड़ना व जातिगत भेदभाव को लेकर शिकायत करने का मामला प्रकाश में आया है। अनुसूचित जन जाति की महिला सरपंच एवं अनुसूचित जाति की महिला सचिव द्वारा जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू द्वारा की जा रही प्रताड़ना एवं जातिगत भेदभाव करने से तंग आकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भेंट कर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती साहू के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्राम पंचायत चौथना की सरपंच श्रीमति मालती बाई उईके, सचिव वंदना मेश्राम (उके) उप सरपंच एवं समस्त पंचगण द्वारा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति किरण साहू पर गंभीर आरोप लगाकर की गई शिकायत में कहा गया है कि, श्रीमती साहू द्वारा प्रार्थीगणों के पंचायत कार्यों में अनुचित हस्तक्षेप कर पंचायत प्रस्ताव में दबावपूर्वक हस्ताक्षर करवाना एवं प्रार्थी गणों को घर में बुला-बुलाकर प्रस्ताव बनाना एवं उसे स्वीकृत कराने हेतु अनुचित दबाव बनाना एवं नहीं करने पर पद से अविश्वास प्रस्ताव करवाकर हटवाने की धमकी दी जा रही है। श्रीमती साहू द्वारा इस प्रकार से अपने पद का अनुचित रूप से इस्तेमाल कर गैरकानूनी रूप से दबाव बनाया जा रहा है।

सरपंच एवं सचिव ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू पर मानसिक प्रताड़ना के अलावा जातिगत भेद भाव का आरोप लगाते हुए की गई शिकायत में कहा है कि, सरपंच, सचिव व ग्राम पंचायत के हरिजन आदिवासी पंचों को कहती है की तुम छोटी जात के लोग हो तुम राजनिति क्या समझोगे! पंचायत चलाना बडी जाति के लोगों का काम है, नीच जात के लोगों का काम नहीं है। इसके अलावा वे जिला पंचायत के उपाध्यक्ष होने के पद का अनुचित रूप से उपयोग कर रही है। वह ग्राम पंचायत चौथना के हर कार्य में अनुचित रूप से हस्तक्षेप कर रही है। सरपंच एवं सचिव को अपने घर बुलाती है घर जाने पर कहती है कि गोंड, महार एवं कंडरा तथा सचिव जो हरिजन है उन्हें कहती है कि तुम लोग छोटी जात के लोग हो हम बड़ी जाति के है तुम लोग घर के बाहर बैठों हमारे घर में प्रवेश नहीं कर सकते तुम्हारे घर में आने से हमारे घर में छूत लगेगी एवं हम पूजा पाठ नहीं कर सकेगें।

### निर्माण का 50 प्रतिशत राशि अग्रिम मांगने का आरोप जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर

सरपंच सचिव व पंच गणों द्वारा पत्र के माध्यम से की गई शिकायत में कहा है कि, श्रीमती किरण साहू द्वारा हमे कहा जाता है कि, पंचायत मे जो भी काम चल रहा है उसका 50 प्रतिशत उसे अग्रिम रूप से दे दिया जाए, नहीं तो यह काम नहीं होने देगी। ग्राम के दो लोगों ( दिनु यादव एवं संदिप सिन्हा) को काम अवश्य देना पड़ेंगा। वन विभाग की भूमि पर चार लोगों को पट्टा देने का प्रस्ताव किया जाए। नहीं करने पर जेल भेजवाने की धमकी देती है।

### राजनीतिक प्रभाव के चलते अधिकारी उनके हिसाब से कार्य करेंगे

आवेदकगणों ने पत्र में आगे कहा है कि, श्रीमती साहू का कहना है कि, वह एक बड़े पद पर है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी से वह अपनी मनमर्जी के मुताबिक काम करवा सकती है। और अपनी मर्जी के अनुसार सरपंच, सचिव व पंचगणों को थाने में एवं जेल में बंद करवा सकती है। उन पर झूठे मामले बनवा सकती है।

> जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू का कहना है कि ग्राम की सरपंच व सचिव द्वारा निराधार आरोप लगाकर राजनीतिक द्वेषवश मेरी शिकायत की गई है।
>
> **किरण साहू,**
> **जिला पंचायत उपाध्यक्ष**

## विधायक ने मां करेला भवानी मंदिर में माता के दर्शन कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की



डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुढ़ीपार के कार्यकर्ताओं के साथ मां करेला भवानी मंदिर के दर्शन किए। विधायक और कार्यकर्ताओं ने मिलकर ऊपरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। यह दौरा विधायक की अपने क्षेत्र के लोगों और कार्यकर्ताओं से जुड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत की और उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। विधायक बघेल ने कहा कि वे हमेशा अपने क्षेत्र के विकास और लोगों की भलाई के लिए काम करती रहेंगी।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत किया और इस दौरे को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना था कि ऐसे दौरे से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है और जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित होता है।

उक्त मंदिर दर्शन में सम्मिलित कोमल साहू, सुरेश सिन्हा, गौतमचंद जैन, मधुसूदन साहू, टककुतेजराम वर्मा, चंद्रेश यदु, दुर्गेश सिन्हा,पारस साहू, दुर्जन वर्मा, घनश्याम सिन्हा ,राजेश साहू ,प्रवीण बंजारे, गोविंद साहू, धन्नु यादव, देवलाल कंवर, वेंकर कंवर, भुवन सिन्हा, जगह सिन्हा उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### लायंस क्लब द्वारा हिंदी दिवस पर थगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता सम्मानित




राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब ने राजनांदगांव के लायन डेन में एक गरिमामयी हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्कारधानी राजनांदगांव के और अंचल के कई साहित्यकारों ने हिंदी दिवस पर हिंदी भाषा के महत्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक बुद्धदेव, वरिष्ठ चिंतक अशोक चौधरी और दिग्विजय कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. शंकर मुनि राय, डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव आदि सभी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर थगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षक का सम्मान किया गया। आपने हिंदी दिवस पर कविता पाठ भी किया। और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी वस्तुओं और उद्योगों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं जो एक बहुत ही सराहनीय पहल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि पद्मलोचन शर्मा मुंहफट, साहित्यकार आत्माराम कोशा, अमलेंद्रू हाजरा, वर्गीस सर एवं सभी साहित्यकारों ने साहू जी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

### रास गरबा उत्सव का राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आगाज, रंग-बिरंगे परिधानों में थिरके युवक-युवतियां



खैरागढ़ (दावा)। नगर दशहरा उत्सव समिति के द्वारा राजा फतेह सिंह खेल मैदान में होने वाले तीन दिवसीय रास गरबा उत्सव का आयोजन गुरुवार को बड़े ही उत्साह के साथ शुरू हुआ। इस नगर दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरीजा चंद्राकर, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष बिशेसर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष निलीमा गोस्वामी, गोरेलाल वर्मा, सर्वेस सिंह, पार्षद रेखा गुप्ता, देविन कोठले, विनय देवांगन, रूपेन्द्र रजक,नंद चंद्राकर, संजय शर्मा, जनपद सदस्य खेमराज जैन, पार्षद शैलेन्द्र वर्मा सुमित टांडिया, हर्ष वर्मा सहित ब्लाक चिकित्सा अधिकारी विवेक बिसेन, नगर पालिका परिषद के सीएमओ कोमल ठाकुर के व्दारा मां अम्बे दुर्गा आदि शक्ति माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना कर रास गरबा उत्सव की शुरुआत की गई। स्कूल, कालेज और संगीत विश्वविद्यालय सहित नगर के अनेक संस्थाओं ने इस रास गरबा उत्सव में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शामिल हुए और रंग बिरंगी परिधानों में डीजे की धुन पर स्कूली बच्चों सहित युवक युवतियां जमकर थिरके। इस रास गरबा उत्सव में जिला पुलिस प्रशासन की टीम भी पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रही।

### गैंदाटोला मंडल में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती



छुरिया (दावा)। राष्ट्रीय एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 25 सितंबर को गैंदाटोला मंडल में एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय दर्शन के प्रणेता भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य कुशल संगठनकर्ता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती बड़ी हर्षौल्लास के साथ मनाई गई। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती बीरम मंडावी सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती हेमिन साहू सभापति जनपद पंचायत छुरिया, खिलेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष, रामकुमार मंडावी महामंत्री, हनीफ कुरैशी कोषाध्यक्ष, कुमारसाय साहू उपाध्यक्ष, अंजनी शर्मा उपाध्यक्ष, राजाराम साहू मंत्री, गजेंद्र साहू मंत्री, मंजू साहू मंत्री, सुकृत साहू सोसायटी अध्यक्ष,गजेंद्र पाल सोसाइटी अध्यक्ष, विष्णु साहू, गौरव अग्रवाल सह मीडिया प्रभारी, वसीम कुरैशी, भूपेन्द्र निर्मलकर, उमेश चंद्रवंशी, गोपाल सेन, प्रदीप वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## दंतेश्वरी मंदिर में जली आस्था की ज्योत

राजनांदगांव (दावा)। घुपसाल (डोंगरगांव) पहाड़ी पर स्थित अंचल की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। जिसमें 280 तेल ज्योति और 35 घी ज्योति प्रज्वलित की गई है। वहीं नीचे गांव के शीतला दाई मंदिर में 7 ज्योति और मेन रोड पर स्थित पाठेश्वर बाबा मंदिर में 20 नग मनोकामना प्रज्वलित की गई है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि यहां प्रति दिन प्रातः गायत्री यज्ञ हवन और पूजा आरती की जाती है तथा रात्रि में विभिन्न जस मंडलियों द्वारा माता रानी के जस का गान किया जा रहा है।



मंदिर को बहुत सुंदर सजाया गया है। यहां प्रति दिन दर्शनार्थी देवी दर्शन के लिए आ रहे हैं। दिनांक 26 सितंबर 25 को देवभोग पंचमी, 29 सितंबर 25 को महाआरती एवं दीप यज्ञ, 30 सितंबर 25 को अष्टमी हवन, 1 अक्टूबर 25 को नवकन्या भोज, विसर्जन एवं प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। अतः समिति द्वारा श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में आकर दर्शन लाभ लेने की अपील की गई है।

## जनपद सदस्यों की उपेक्षा, बैठे धरने पर



### बैठकों की सूचना समय पर नहीं देने का आरोप

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव में बैठक सूचना देरी से मिलने पर और बैठक में जिम्मेदार अधिकारी के नहीं होने का मुद्दा लेकर जनपद सदस्यों ने जनपद के मुख्य द्वार पर धरने में बैठ गए और प्रशासनिक अधिकारियों के काफी मान मनौव्वल के बावजूद बैठक खत्म होने तक धरने पर बैठे रहे. इस दौरान इन सदस्यों का साथ देने बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता भी पहुंच गए और प्रशासनिक अधिकारियों की जनप्रतिनिधियों के साथ जानबुझकर की जा रही अनदेखी एवं कर्मचारियों की लापरवाही को लेकर जमकर नारेबाजी की।

बता दें इस प्रदर्शन में शामिल जनपद सदस्यों में हरिला साहू, सरिता साहू, कुमान सिंह, रवि साहू, रेशम साहू, शोभना पटेल एवं विधायक प्रतिनिधि टिकेश साहू थे। प्रारंभ में पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक प्रतिनिधि टिकेश साहू को आज दिनांक 25 सितंबर को दोपहर 12 बजे होने वाली बैठक की सूचना ही देर से मिलने का आरोप लगाते हुए आक्रोश था। वहीं बैठक कक्ष में बैठक व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी दिखी। वहीं इस बैठक में पदेन सचिव जनपद पंचायत के सीईओ होते हैं, लेकिन वे किसी कारण से अनुपस्थित थी और उन्होंने जनपद पंचायत के एक करारोपण अधिकारी को बैठक करवाने का मौखिक आदेश दे दिया था। जबकि जनपद में और भी उच्च अधिकारी मौजूद हैं। इस विषय को लेकर भी उपस्थित कांग्रेसियों में आक्रोश दिखा। इधर जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौती ने अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर हुए इस सामान्य सभा की बैठक को कोरम पूर्ण बताकर सभी मुद्दों में चर्चा कर पूर्ण कर लिया, लेकिन धरने पर बैठे सदस्यगण और कांग्रेसीगण लोकतंत्र की हत्या बताते हुए इस बैठक को शून्य करने की मांग पर अड़े रहे। सामान्य सभा की बैठक खत्म होने के बाद मुख्य व्दार पर धरना में बैठे कांग्रेसी बैठक में उपस्थित अनेक अधिकारियों का रास्ता रोकते भी दिखे। वहीं यहां उपस्थित नायब तहसीलदार और जनपद के संबंधित कर्मचारी से इस बैठक से संबंधित आदेश के विषय में लिखित में लेने के बाद धरना प्रदर्शन शांत हुआ।

## पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है - प्राचार्य डॉ. गुप्ता

### दिग्विजय महाविद्यालय में 'दिग्विजय संचार' स्टूडियो एवं यूट्यूब चैनल का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में गुरुवार को 'दिग्विजय संचार' स्टूडियो और यूट्यूब चैनल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, विशेष अतिथि पत्रकारिता विभाग, विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन.जागृत एवं महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। यूट्यूब चैनल और स्टूडियो का उद्देश्य छात्रों को एक मंच प्रदान करना है जहां वे अपनी रचनात्मकता और कौशल को प्रदर्शित कर सकें। पत्रकारिता के छात्र इस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके अपने ज्ञान और अनुभव को बढ़ा सकें और अपने भविष्य के करियर के लिए तैयार हो सकें। स्टूडियो और चैनल के माध्यम से विद्यार्थी समाचार व सामयिक मुद्दों पर कार्यक्रम तैयार करेंगे। इससे उन्हें आधुनिक पत्रकारिता का व्यवहारिक अनुभव मिलेगा और डिजिटल मीडिया में कौशल निखरेगा। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि पत्रकारिता विभाग ने यूनिवर्सिटी टॉपर देकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। आज के इस डिजिटल युग में यूट्यूब जैसे प्लेटफ़ॉर्म ने हमारे जीवन को बहुत प्रभावित किया है। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जिससे हम अपने विचारों और रचनात्मकता को दुनिया के साथ साझा कर सकते हैं। पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। समाज के सामने सच लाना पत्रकार का धर्म है। उन्होंने छात्रों द्वारा तैयार किए गए यूट्यूब चैनल दिग्विजय संचार की सराहना करते हुए स्क्रिप्ट और वीडियो एडिटिंग को उत्कृष्ट बताया।

विभागाध्यक्ष डॉ. बी.एन. जागृत ने कहा कि यह स्टूडियो छात्रों के सपनों को साकार करने की नींव है। यहां उन्हें फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और एंकरिंग का अभ्यास मिलेगा। उन्होंने भविष्य में विभाग में पत्रकारिता की स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने की संभावना भी जताई। रजिस्ट्रार दीपक परगनिया ने कहा कि पहले पत्रकारिता को लेकर जागरूकता कम थी, लेकिन आज स्थिति बदल गई है।

अब दूरस्थ क्षेत्रों से भी छात्र इस कोर्स में प्रवेश के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर जैसे क्षेत्रों से भी प्रवेश के लिए फोन आ रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन भागवत वर्मा, आभार व्यक्त अतिथि प्राध्यापक अमितेश सोनकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के प्राध्यापक रेशमी साहू, विभा सिंह के मार्गदर्शन एवं पत्रकारिता के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## आज डोंगरगढ़ हिन दाई बमलाई का पंचमी भेंट जात्रा

डोंगरगढ़ (दावा)। क्वांर नवरात्र पर्व 2025 पर गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ की ओर से दाई बमलाई की पंचमी जात्रा भेंट का आयोजन आज किया जायेगा। डोंगरगढ़ रियासत कालीन के गोंड राजाओं की कुल देवी दाई बमलाई की सेवा अर्जी प्राचीन काल से प्रत्येक नवरात्र के पांचवें दिन विशेष पंचमी भेंट करने दाई के दरबार जाया करते थे। इस परम्परा को अनवरत जारी रखते हुए इस वर्ष भी सगा समाज की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा।



### गोंडवाना भू-भाग के 52 गढ़, 57 परगना, 258 रियासतों में से एक खैरागढ़ राज

मदन मंडावी ने बताया कि खैरागढ़ राज की ओडारबांध जमीदारीं के अंतर्गत आने वाले तहसील परगना डोंगरगढ़, जहाँ पर गोंड़ राजाओं की कुलदेवी दाई बमलाई की पेन ठाना अवस्थित है। कालांतर में गोंड राजाओं के द्वारा नवरात्र पर्व में पंचमी दिवस को दाई बमलाई को विशेष सेवा अर्जी भेंट किया जाता था। यह परंपरा अनवरत चला आ रहा है। अपने राजाओं व पुरखों की इस परंपरा को भव्य रूप से मनाने वा जनमानस तक पहुंचाने की लालसा लिए गोंड समाज व गोंडवाना यूथ क्लब डोंगरगढ़ के द्वारा भव्यता के साथ इस परंपरा को मनाया जाता है। इस आयोजन में जिला सहित राज्य और विभिन्न राज्यों के सगा समाज, महिला पुरुष, क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम बूढ़ा देव गुफा (छीरपानी) से दाई बमलाई मंदिर डोंगरगढ़ संध्या 4 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य आयोजित किया गया है।

## ग्राम पंचायत मेटेपार में विभिन्न कार्यो के भूमिपूजन में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेटेपार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव विभिन्न प्रकार के विकास कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा व जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी व भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू व जनपद पंचायत सभापति हेमिन साहु भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ महतारी के चैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई विभिन्न प्रकार के विकास कार्य जैसे सीसी रोड व मां शीतला मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपके गांव में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया है। नवरात्रि का पावन अवसर पर मां शीतला मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि हम सभी तो बस एक माध्यम है जो भी काम होता है माता के आशीर्वाद से होता है। निश्चित रूप से हम सभी गांवों के विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। और आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर गांव के विकास को आगे बढ़ायेंगे। साथ ही कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि द्वारा भी संबोधित किया गया। साथ ही उक्त कार्यक्रम में भेषबाई साहू सभापति जनपद पंचायत छुरिया, डोमन पटेल महामंत्री भाजपा मंडल गैंदाटोला, कुमार साय साहू, हनीफ कुरैशी, नैन सिंह पटेल, हेमा कंवर संरपच ग्राम पंचायत मेटेपार, गजेंद्र यादव, विक्रम चंद्रवंशी, ब्रम्हानंद खल्हारे, शोभा राम चन्द्रवंशी, बृजमोहन चंद्रवंशी, अगनुराम टेमुनिरिया, मोहित निषाद मंशाराम कंवर पूर्व संरपंच समेत पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ ग्राम सर्राकापा में आयोजन

### व्याख्याता रूपेश मंडावी को दी गई विदाई

### संकुल में नए चार शिक्षकों का सम्मान कर स्वागत किया गया



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के नजदीकी संकुल केंद्र कटंगी के तत्वाधान में शाला प्रांगण सर्राकापा में शिक्षक सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य पोर्णिमा नेताम व संकुल समन्वयक राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि वर्षभर शिक्षक अपने-अपने स्कूलों में पुरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर संकुल का नाम रोशन कर रहे। इसी कड़ी में व्याख्याता रूपेश मंडावी का हायर सेकेण्डरी स्कूल कटंगी से विक्रमपुर स्कूल में स्थानांतरण होने के कारण शाल, श्रीफल, मोमोंटो देकर ससम्मान विदाई दी गई और युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल परिवार मे नए आए शिक्षिकाओं में हायर सेकंडरी कटंगी में ओमलता पुजारी, पूर्व माध्यामिक कटंगी में निर्मला जगत, पूर्व माध्यामिक शाला सर्राकापा में धनेश्वरी ठाकुर, प्रा.शा.बूढ़ासागर में संगीता मोहबिया को श्रीफल मोमोंटो भेंट कर सम्मानित कर स्वागत किया गया। शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उनके पूर्व के कार्यो का प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष उत्तम रजक, शिक्षक सरोज ताम्रकार, शरद नेताम, पूर्णानंद धनकर, विजय चौरे, भागचंद साहू, महेश वर्मा, भीखेन्द्र जंघेल, लेखराम पटेल, छोटेलाल मेरावी, सीता साहू, मायाराम राठौर, श्रीमती कल्याणी नेताम, आलोक वैष्णव, भुनेश्वरी मेरावी, यमुना खुशरो एवं संकुल के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा देना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता - संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। विकासखंड छुरिया के ग्राम भोलापुर में राज्य सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 का शुभारंभ जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य, श्रीमती भानबाई मंडावी जनपद सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि महिलाओं के उत्थान में भारत सरकार एवं राज्य सरकारें महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से कई महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित कर रही हैं। ये सबका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुरक्षित करना और पोषण स्तर को बढ़ाना है। हमारी सरकार की प्रमुख महिला एवं बाल विकास योजनाएँ एवं आँगनवाड़ी सेवाएँ

6 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क पोषण आहार, स्वास्थ्य परीक्षण और शिक्षा की सुविधा। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को भी लाभ देना है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण व स्वास्थ्य देखभाल हेतु 5,000 की आर्थिक सहायता, पोषण अभियान कुपोषण को समाप्त करने के लिए चलाया गया राष्ट्रीय अभियान। बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं पर विशेष ध्यान।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं की शिक्षा व सुरक्षा को बढ़ावा देना। लिंगानुपात सुधारने के लिए सामाजिक अभियान। वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र)हिंसा पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा, कानूनी मदद, परामर्श और अस्थायी आश्रय। स्वाधार गृह योजना बेसहारा, परित्यक्त और संकटग्रस्त महिलाओं के लिए आश्रय, भोजन, वस्त्र और शिक्षा। महिला हेल्पलाइन (181) किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या हिंसा की शिकार महिला के लिए 24-7 सहायता । प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ग्रामीण व गरीब महिलाओं को धुआँ रहित रसोई उपलब्ध कराना। महिलाओं का सशक्तिकरण बच्चों का समुचित पोषण व शिक्षा मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक भागीदारी को बढ़ाना है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन की सबसे बड़ी योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र के शादीशुदा माताओं को 1000 रुपए प्रतिमाह सीधा लाभ उनको मिल रहा रहा।



भोलापुर मे नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

# पिता से प्रेरित होकर पुत्र ने लिया देहदान का निर्णय

दुर्ग (दावा)। न्यू आमापारा निवासी हेमंत साहू सर्विस-वाहन चालक (छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर,) ने अपने देहदान का संकल्प ले देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, हरमन दुलई एवं प्रभुदयाल उजाला को सौंपी।




हेमंत साहू की माता-श्रीमती शांति बाई साहू, पिता-सदउ राम साहू, पुत्र परमेश्वर साहू, पुत्र दीपक कुमार, महेंद्र कुमार साहू, धनेश्वर कुमार साहू वसीयत के साक्षी बने हेमंत साहू के पिता सदौऊ राम साहू ने 2020 में अपने देहदान का संकलप लिया था, पिता से प्रेरित हो कर आज हेमंत साहू ने देहदान का निर्णय लिया,देहदान की घोषणा करते हुए हेमंत साहू ने कहा वह चाहते हैं उनके जाने के बाद उनकी आँखों से दो लोगों को नई रौशनी मिले व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह-केडेवर मिले तो मेरा मानव जीवन सार्थक होगा और आज नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से हमारी इच्छा पूर्ण हुई। सदौऊ राम साहू ने कहा आज उनके पुत्र के निर्णय से उन्हें दिल से खुशी मिलीं है मेरे बाद मेरे पुत्र का जीवन भी सार्थक हो जाएगा एवं मै चाहता हूँ कि पूरा परिवार एवं समाज देहदान करे ताकि सब का भला हो श्री साहू के निवास पर बड़ी संख्या में समाज व परिवार के लोग एकत्रित थे जिन्हे नेत्रदान-त्वचादान-देहदान के संबंध में हरमन दुलई एवं प्रभुदयाल उजाला ने विस्तृत जानकारी दी एवं उनकी भ्रांतियों को दूर किया।

नवदृष्टि फाउंडेशन के जितेंद्र हासवानी ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान के प्रति सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं एवं यदि कोई देहदान हेतु सहयोग या मार्गदर्शन चाहता है तो हमारी संस्था के सदस्यों से सहयोग ले सकता है या 8839324601/ 9827190500 इन नंबर पर फोन कर मार्गदर्शन ले सकता है। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, पीयूष मालवीय, दीपक बंसल, विकास जायसवाल, मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, सपन जैन, यतीन्द्र चावड़ा, जितेंद्र कारिया, बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख, मोहित अग्रवाल, चेतन जैन, दयाराम टांक, विनोद जैन, राकेश जैन ने हेमंत साहू के निर्णय का स्वागत किया एवं परिवार को साधुवाद दिया

# संस्कारसिटी स्कूल के जूडो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर शाला का प्रतिनिधित्व करेंगे

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल के छह प्रतिभा शाली जूडो खिलाड़ियों ने सी.बी.एस.ई. राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। ये छात्र अब राजस्थान के श्री गंगा नगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ और अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले ये छात्र हैं- प्रियांशु नाग, झविन्द्र बघेल, वंदिता रावटे, अश्विनी गावड़े, सुहानी ताती और आर्ची जैन। इन सभी ने हाल ही में आयोजित सी.बी.एस.ई. फॉरईस्ट जोनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फउनके कठोर परिश्रम का परिणाम है, बल्कि उनके प्रशिक्षकों और अभिभावकों के समर्थन का भी प्रमाण है।



यह राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप संत ईश्वर सिंह महाराज एकैडमी, कामिनीपुर, श्री गंगा नगर राजस्थान में आयोजित की जा रही है। स्कूल की प्राचार्या, श्रीमती रेखा तिवारी ने छात्रों को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हमें पूरा विश्वास है कि वे इस मंच पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

संस्था के प्रबंधकगण, अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव अतुल देशलहरी, प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, अशोकपारख और विकास जोशी ने भी सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता स्कूल के लिए गौरव का क्षण है। यह उपलब्धि संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल की खेल प्रतिभाओं को निखारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन युवा जूडो खिलाड़ियों की सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। पूरा शाला परिवार इन छात्रों की सफलता के लिए उत्साहित है और उम्मीद करता है कि वे राष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन करेंगे।

# परिवहन चेक पोस्ट मानपुर थाना गंडई के सुरक्षाकर्मी की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास

खैरागढ़ (दावा)। परिवहन चेक पोस्ट मानपुर में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी की हत्या करने वाले दोनों आरोपीयों को न्यायालय व्दारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

### घटना का विवरण

10 मार्च 2023 की रात्रि लगभग 11 बजे वाहन क्रमांक सीजी 10 एफ 6921 से आरोपी ज्वाला प्रसाद यदु मानपुर चेक पोस्ट पर पहुँचा और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से अभद्रता एवं गाली-गलौज करने लगा। कर्मचारी के व्दारा मना करने पर वह धमकी देते हुए वहाँ से चला गया। कुछ समय बाद वह अपने साथी केवल साहू के साथ पुनः आया और बोलेरो वाहन को जान से मारने की नियत से रिवर्स लेकर सुरक्षाकर्मी चिरजिवेन्द्र नेताम को टक्कर मार दी और उसे गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान चिरजिवेन्द्र नेताम की मृत्यु हो गई।





अपर सत्र विद्वान न्यायाधीश कुमारी मोहिनी कंवर ने दिया फैसला
आरोपीगण -1. ज्वाला उर्फ फतेह यदु पिता स्व. गजेन्द्र प्रसाद यदु, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम चुचरूंगपुर,2. केवल साहू पिता फिरतू राम साहू, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम चुचरूंगपुर थाना मोहगांव, जिला केसीजी (छ.ग.)

### गंडई थाने में अपराध दर्ज

इस घटना पर थाना गंडई में अपराध क्रमांक दर्ज कर प्रारंभ में धारा 307, 186, 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। जो बाद में कर्मचारी की मृत्यु होने पर धारा 302 भादवि में परिवर्तित किया गया। तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा द्वारा दोनों आरोपियों को घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### न्यायालयीन निर्णय

अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ (न्यायधीश कु. मोहनी कंवर) द्वारा अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक ज्ञान दास बंजारे ने सशक्त पैरवी की। प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दलीलों के आधार पर 24 सितंबर 2025 को न्यायालय ने दोनों आरोपियों को धारा 302 भादवि के अंतर्गत आजीवन सश्रम कारावास एवं 5,000/- रुपये का अर्थदण्ड धारा 186, 294, 506(बी), 323 भादवि के अंतर्गत भी कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### प्रकरण के विवेचक : तत्कालीन थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक अनिल शर्मा

अभियोजन पक्ष : अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक (एजीपी) ज्ञान दास बंजारे, न्यायालय खैरागढ़ यह निर्णय सुरक्षाकर्मियों एवं लोक सेवकों पर हमले की गंभीरता को रेखांकित करता है और कानून के प्रति आमजन के विश्वास को और सुदृढ़ करता है।

# सीईओ जिपं सुश्री सुरुचि सिंह ने महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संयुक्त बैठक ली

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संयुक्त बैठक ली।



सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले में कोई भी गर्भवती माता एवं कुपोषित बच्चा विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने एनआरएलएम की पोषण सखी, जेंडर दीदी को मिलकर व्यापक रूप से सर्वे कर सभी गर्भवती माता का आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्वास्थ्य केन्द्र पर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चा प्रसव के समय ही स्वस्थ एवं सुपोषित हो, इसके लिए प्रत्येक गर्भवती माता आयरन टेबलेट एवं मल्टीविटामिन टेबलेट का सेवन जरूर करें। साथ ही हाईरिस्क गर्भवती माता को प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन चिन्हांकित करें और 4 एएनसी परीक्षण कराना एवं संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने किशोरी बालिका को आयरन टेबलेट का वितरण सुनिश्चित करने कहा। कुपोषित बच्चों के माता-पिता को जागरूक करते हुए स्थानीय एवं घर पर उपलब्ध होने वाले खाद्य पदार्थों को खिलाने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि बाजार में मिलने वाले कुरकुरे, चिप्स अन्य स्नैक्स बच्चों को कुपोषित करते है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रत्येक नवविवाहित दम्पती को विभाग द्वारा आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम पालक चौपाल, पालक बैठक, वीएचएसएनडी में आमंत्रित कर जागरूक करने कहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक चलाए जा रहे पोषण माह के संबंध में जानकारी ली एवं जनसमुदाय को लाभान्वित करने कहा। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ कैम्प का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। जिससे बड़ी संख्या में गर्भवती माता एवं कुपोषित बच्चे लाभान्वित हो रहे है।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, डीपीए, बीएमओ, बीपीएम, सीपीएम, मितानिन प्रशिक्षक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला मिशन प्रबंधक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

# गुंगेरी नवागांव में राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना डोंगरगांव सेक्टर आरी अंतर्गत ग्राम गुंगेरी नवागांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में राष्ट्रीय पोषण माह एवं साक्षरता के तहत किशोरी बालिकाओं को स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं मोटे अनाज (मिलेट्स) की पोषणीय गुणवत्ता के संबंध में जानकारी दी गई। यूनिसेफ के कोमल लहरे ने स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं उनकी पोषणीय गुणवत्ता सहित मोटे अनाज और मिलेट्स के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

एनीमिया के कारण और एनीमिया से बचाव स्कूलों में किशोरी बालिकाओं को दी जाने वाली आयरन फोलिक एसिड की नीली और गुलाबी गोलियों, पोषण वाटिका, बागवानी का महत्व बताया तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया।

इसके साथ ही मिशन शक्ति के जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी ने पैकेट और डिब्बा बंद वाले खाद्य पदार्थ, जंक फूड, शक्कर एवं तेल का कम से कम सेवन करने तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए दिनचर्या के संबंध में जानकारी दी। पोषण आहार और पूरक पोषण आहार का महत्व बताने के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, बुरे स्पर्श की पहचान, सड़क सुरक्षा, नशे से दूरी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

विद्यालय में जिज्ञासा बॉक्स की भी स्थापना की गई, ताकि जिज्ञासा बॉक्स के माध्यम से सवाल पूछकर स्कूल की किशोरी बालिकाएं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग जैसे रचनात्मक आयोजन भी किए गए और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में टीएचआर और मिलेट्स से तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाएं गए। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, ग्राम सचिव, शाला के शिक्षक, पर्यवेक्षक श्रीमती गीतांजलि दीवान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सुर्का तुमरेकी, सावित्री यादव, अंजू देवांगन सहित बड़ी संख्या में बालिकाए उपस्थित थी।

**सोनम वांगचुक पर केंद्र सरकार का....**

गोले दागने पड़े थे। झड़पों में चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। 30 पुलिस कर्मियों समेत 80 से ज्यादा लोग घायल हुए। मामले में गृह मंत्रालय की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि सोनम वांगचुक ने अपने भड़काऊ बयानों के माध्यम से भीड़ को उकसाया था। हिंसक घटनाओं के बीच, उन्होंने अपना उपवास तोड़ा और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कोई व्यापक प्रयास किए बिना एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए।

**पोस्टल बैलेट की काउंटिंग के बाद ही होगी.....**

मतों की गिनती साढ़े आठ बजे से शुरू होती है। अब तक जो देखने को मिलता था, उसमें डाक मतपत्रों की गिनती प्रारंभ के एक- दो घंटे में ही पूरी हो जाती थी, जबकि ईवीएम की गिनती जारी रहती थी। लेकिन डाक मतपत्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इसमें अधिक लगने को देखते हुए चुनाव आयोग ने यह बदलाव किया है। आयोग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक मतगणना के अंत में डाक मतपत्रों की गिनती होने से परिणाम में नजदीकी मामला होने पर उसमें गड़बड़ी या विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में जहां ईवीएम की अंतिम राउंड के पहले यानी यदि दस राउंड की गिनती है तो आठवें राउंड में ही यह देखा जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती हो गई है या नहीं। यदि नहीं हुई तो उसके पूरा होने का इंतजार किया जाएगा। उसके बाद ही ईवीएम के अंतिम राउंड की गिनती कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने पिछले छह महीने में चुनाव सुधार से जुड़ी 29 अहम पहल की है।

**साकेत कोर्ट से ललित मोदी के भाई....**

और शादी का झांसा देकर बलात्कार किया। इस मामले में पुलिस ने तीन दिन की रिमांड मांगी थी। पुलिस ने कोर्ट में कहा था कि समीर ने कई फोन का इस्तेमाल कर महिला को धमकाया और लालच दिया था। इसके कारण इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त करने के लिए समीर को तीन दिन रिमांड पर भेजा जाए। शिकायतकर्ता महिला के वकील ने इस मामले में निजता की मांग की थी, जिसके कारण ये सुनवाई गोपनीय हुई है। समीर के वकीलों ने दावा किया कि महिला ने झूठी और मनगढ़ंत कहानी बनाकर शिकायत दी थी। महिला पैसों की उगाही करना चाहती है, जिसके कारण उसने ऐसा किया। इस दौरान समीर के वकील ने 8 और 13

## शेष प्रथम का

अगस्त को समीर द्वारा दी गई उगाही की शिकायत का हवाला दिया। वकील ने कहा कि महिला ने 50 करोड़ रुपए की मांग की थी, जो समीर ने नहीं दी, इसके कारण महिला ने ये कहानी बनाई है।

**एसएमएस ओटीपी से इतर भुगतानों.....**

कि जोखिम प्रबंधन के नजरिए से वित्तीय प्रणाली के हितधारक लेनदेन के स्थान, उपयोगकर्ता के व्यवहार पैटर्न, डिवाइस विशेषताओं, ऐतिहासिक लेनदेन प्रोफाइल आदि के आधार पर मूल्यांकन के लिए लेनदेन की पहचान कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यदि इन निर्देशों का पालन किए बिना किए गए लेनदेन से कोई नुकसान होता है, तो जारीकर्ता को बिना किसी आपत्ति के ग्राहक को नुकसान की पूरी भरपाई करनी होगी। इसमें कार्ड जारीकर्ताओं से गैर-आवर्ती, सीमा-पार कार्ड नॉट प्रेजेंट (सीएनपी) लेनदेन को मान्य करने के लिए एक तंत्र स्थापित करने को भी कहा गया है। इसके तहत 1 अक्टूबर, 2026 से विदेशी व्यापारी या विदेशी अधिग्रहणकर्ता की आरे से प्रमाणीकरण के लिए अनुरोध किया जा सकेगा।

**जीएसटी में बड़ी कटौती के बाद पीएम....**

ट्रैक्टर खरीदने पर 70 हजार रुपये से अधिक का टैक्स लगता था, वह अब घटकर मात्र 30 हजार रुपये रह गया है, जिससे किसानों को हर ट्रैक्टर पर सीधे 40 हजार रुपये की बचत हो रही है। इसी क्रम में, थ्री-व्हीलर पर लगने वाला टैक्स 55 हजार से कम होकर 35 हजार रुपये हो गया है, जिससे 20 हजार रुपये की बचत होती है। इसके अतिरिक्त, आम आदमी की सवारी यानी टू-व्हीलर भी सस्ते हुए हैं; 2014 की तुलना में अब एक स्कूटर 8 हजार और मोटरसाइकिल 9 हजार रुपये तक सस्ती हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों से गरीब और मध्यम वर्ग, सभी की बचत सुनिश्चित हुई है।

**छत्तीसगढ़ अब जटिल हृदय उपचारों.....**

क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और धड़कन अनियमित हो जाती है। सामान्यतः ऐसे मामलों में वेंट्रिकुलर या लेफ्ट बंडल पेसिंग की जाती है, लेकिन इस मरीज का हृदय कमजोर था और एट्रियल रिद्म भी अनियमित थी। केवल वेंट्रिकुलर पेसिंग करने से हार्ट फेल्योर और तेज धड़कन का खतरा था। इसी कारण एसीआई की टीम ने बैकमैन टोटल फिजियोलॉजिकल पेसिंग का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में हृदय की प्राकृतिक विद्युत संरचना के एट्रियम भाग में पेसमेकर की लीड लगाई गईं। यह तकनीक हृदय को उसके स्वाभाविक ढंग से धड़कने में मदद करती है और हार्ट फेल्योर का जोखिम बेहद कम कर देती है। सबसे पहले लेफ्ट बंडल की स्थिति का इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग किया गया। फिर ठीक उसी तरह राइट एट्रियम के बैकमैन बंडल की मैपिंग कर लीड इंप्लांट की गई। इस तरह पूरा पेसिंग सिस्टम प्राकृतिक ढंग से काम करने लगा। उपचार करने वाली टीम में कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. एस. के. शर्मा, डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. अनुराग कुजूर और डॉ. वेद प्रकाश शामिल थे। यह उपचार मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत किया गया, जिसमें योजना का लाभ दिलाने में मेडिको सोशल वर्कर खोगेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट द्वारा किया गया यह सफल उपचार छत्तीसगढ़ की चिकित्सा सेवाओं के उच्च स्तर और निरंतर प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल अब केवल सामान्य उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्वस्तरीय जटिल प्रक्रियाओं को भी सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों की टीम को साधुवाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल मरीजों के जीवन को नई आशा देती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकारी संस्थान चिकित्सा विज्ञान में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट, रायपुर द्वारा किया गया यह जटिल उपचार प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे की मजबूती और चिकित्सकों की उत्कृष्ट क्षमता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ के मरीजों को अत्याधुनिक कार्डियक प्रक्रियाओं के लिए महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर नागरिक को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से निःशुल्क और उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हों। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सक दल को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय चिकित्सा मानचित्र पर और अधिक प्रतिष्ठित करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के सर्वाधिक मामलों के उपचार में एसीआई देशभर में पाँचवें स्थान पर रहा है।

# बचत की आदत डालने बच्चों को बांटा गुल्लक

कल्लूबंजारी (दावा)। कुछ अच्छा एवं नया करने की जिद रचनात्मक कार्य का रूप ले लेता है। ऐसा ही कुछ रचनात्मक, अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी काम किया है। छुरिया विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने। हर बार अपने जन्मदिन पर नवाचार करने वाले इस उच्चवर्ग शिक्षक ने बिना तामझाम किये अपने जन्मदिन पर विद्यालय के समस्त 122 बच्चों को गुल्लक प्रदान कर बच्चों में बचत की भावना जगाने का अनुकरणीय कार्य किया है। इस मौके पर उपस्थित प्रधानपाठक यू.एस. मंडावी सहित समस्त शिक्षकों ने इस अभिनव पहल की सराहना की। उल्लेखनीय है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी बच्चों को शाला में नियमित उपस्थिति बनाये रखने तथा बच्चों को विद्यालय से जोड़े रखने के लिए उत्कृष्ट अध्यापन कार्य के अलावा नित नया प्रयोग करते रहते है। इस बार नवाचार करते हुए अपने जन्मदिन पर विद्यालय के समस्त उपस्थित 122 बच्चों में प्रत्येक बच्चों को लगभग 50रूपये से 60 रूपये तक का गुल्लक भेंटकर बच्चों को छोटी-छोटी राशि के रूप में सिक्का नियमित रूप से गुल्लक में डालते रहने का आव्हान किया। इससे बच्चों में बचत की भावना जागृत होगी तथा फिजूलखर्ची रोकने में सहायता मिलेगी।



नवाचारी शिक्षक का पहल अनुकरणीय

# निवर्तमान सरपंच एवं वर्तमान सरपंच, आरोप प्रत्यारोप लगाकर शिकायत करने पहुचे उच्च अधिकारियों के समक्ष



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत नागतराई की निवर्तमान सरपंच और वर्तमान सरपंच के मध्य राशि के भुगतान एवं सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर दोनों पक्षों द्वारा पुलिस थाना एवं उच्च अधिकारियों के समक्ष एक दूसरे की शिकायत कर शिकायत की जांच कराने की मांग की गई है।निवर्तमान सरपंच छत्री वर्मा एवं पति उप सरपंच श्री वर्मा द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ को वर्तमान सरपंच श्रीमती मांडवी एवं उसके पति के विरुद्ध की गई शिकायत में उनके द्वारा लगाए गए,झूठे आरोपों की जाँच एवं ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों के रुके हुए बिलों का भुगतान कराने की मांग की गई है।

सीईओ को की गई शिकायत में उपसरपंच कुंभलाल वर्मा ने बताया कि, मेरी पत्नी क्षत्री वर्मा पूर्व सरपंच है। ग्राम पंचायत नागतराई में दिनांक 18/9/25 दिन शुक्रवार को पंचायत का बैठक रखा गया था 11 पंच एवं सरपंच उपस्तिथ थे 7 जिसमे अन्य विषयों के साथ मेरे द्वारा अपने पुराने बिल जिसमे राशन दुकान के पास शेड निर्माण एवं नल के वाल का पुराना बिल का भुगतान करने हेतु बोला गया जिसमे सरपंच नारायणी मांडवी के द्वारा नहीं दूंगी करके बोली एवं बाद में उसके पति जानू मांडवी के ?द्वारा हम आदिवासी है ज्यादा बोलोगे तो फंसा देंगे करके धमकी देता है। व उसी दिन जनपद के सरपंच ग्रुप में यह पोस्ट किया गया की उपसरपंच के द्वारा सरपंच को छेड़छाड़ करता है। जोकि गलत है, एवं इससे मेरी बहुत मानहानि हुई है। इसके सत्यता के लिए 22 तारीख सोमवार को बैठक रखा गया जिसमे सरपंच एवं सरपंच पति बैठक में नहीं आया।अतः निवेदन है कि इस आवेदन का त्वरित जाँच करते हुए निराकरण करने की कृपा करें।

### मानसिक प्रताड़ना एवं पंचायत कार्यों में अवरोध उत्पन करने एफआईआर दर्ज करने की मांग

ग्राम पंचायत नागतराई की श्रीमती नारायणी मंडावी पति जानु राम मंडावी द्वारा अजाक थाना प्रभारी राजनांदगांव में उप सरपंच कुम्भलाल वर्मा एवं निवर्तमान सरपंच छत्री वर्मा पर मानसिक प्रताड़ना एवं पंचायत कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए एफ आई आर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि, पति पत्नी द्वारा ग्राम पंचायत में आकर कार्य में अवरोध कर जातिगत गाली-गलौच किया जाता हैं एवं मारने कि धमकी दि जाती है, जिसके ग्रामवासी गवाह है। इनके द्वारा मेरे नाम एवं पद कि सील बनवाकर उसका दुरपयोग किया जा रहा हैं, जिसकी शिकायत गांव के कई लोगों ने मुझ से कि हैं। पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया है कि कुंभलाल वर्मा व उसकी पत्नी क्षत्री वर्मा पर विधी सम्मत कानूनी कार्यवाही कर मुझे न्याय दिलाने कि कृपा करे।

## परिक्षेत्र साहू समाज जोशीललमती के अध्यक्ष त्रिलोचन साहू बने



राजनांदगांव (दावा)। तहसील साहू संघ कुमरदा के अंतर्गत जोशीलमती परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव आज संपन्न हुआ। जिसमें मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, गिरधारी लाल साहू निर्वाचन अधिकारी, फकीर राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र कुमरदा, देवानंद साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र, डीलेश्वर साहू सह निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में त्रिलोचन साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष बिपत साहू, संगठन सचिव राजेश साहू, संगठन सचिव महिला किरण साहू,उपाध्यक्ष महिला भगवती साहू।

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को तहसील साहू संघ कुमरदा ने प्रमाण पत्र देकर गुलाल तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कमला महिला कॉलेज में मनोविज्ञान परिषद का गठन, छात्राओं को सौंपे गए दायित्व



राजनांदगांव। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 20 सितंबर 2025 को मनोविज्ञान परिषद् का गठन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर की उपस्थिति में विभिन्न पदों के लिए छात्राओं का मनोनयन किया गया।

एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्या जसवानी को परिषद का अध्यक्ष, आंचल सोनी को सचिव तथा संध्या यादव को कोपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं संतोपी यादव को उपाध्यक्ष तथा प्रियंका मानिकपुरी को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने सभी नव.निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनोविज्ञान विभाग महाविद्यालय का एक प्रमुख विभाग है। परिषद् के माध्यम से छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विभाग की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ानी होगी।

विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने बताया कि दुर्ग विश्व विद्यालय के अंतर्गत संचालित एकमात्र मनोविज्ञान शोध केन्द्र हमारे महाविद्यालय में स्थित है, जो कि गौरव की बात है। अभी तक यहां से तीन छात्राओं को पीएचडी की उपाधि मिल चुकी है और वर्तमान में 10 शोधार्थी अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक डॉ. मोना माखीजा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मनोविज्ञान की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। यह विषय करियर के अनेक रास्ते खोलता है। छात्राएं लगन और समर्पण से अध्ययन करें तो भविष्य में अपार संभावनाएं उनके सामने होंगी।

कार्यक्रम का संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सिद्धी मिरानी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डाली कोमा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की समस्त छात्राएं मौजूद रहीं।

# 10वां आयुर्वेद दिवस नेहरू स्टेडियम में मनाया गया




**आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी संदेश आमजन तक पहुँचाया गया**

डोंगरगढ़ (दावा)। जन-जन में आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य हेतु,छत्तीसगढ़ आयुष विभाग से सम्बद्ध स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर डोंगरगढ़ द्वारा 10वां आयुर्वेद दिवस 23 सितंबर दिन मंगलवार को प्रातः 7 बजे नेहरू स्टेडियम डोंगरगढ़ मे मनाया गया। जिसमें इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का विषय आयुर्वेद फॉर वन हेल्थ पीपल एंड प्लेनेट निर्धारित किया गया।

इस अवसर पर 'द रन फॉर आयुर्वेद' कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम डोंगरगढ़ में किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन में आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना है।कार्यक्रम के माध्यम से आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी संदेश आमजन तक पहुँचाया गया। जिससे समुदाय आधारित सहभागिता द्वारा राष्टीय स्वास्थ्य नीति को सशक्त बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ शोबी खान,होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलोक कलचुरी, आयुष विभाग के कर्मचारी पोषण वर्मा,गायत्री मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, सुमरो मांडवी, डालेश ठाकुर, प्रियांशु, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर खेल अधिकारी, राव सर फिजिकल एकेडमी एवं ग्रुप, राकेश अग्रवाल अध्यक्ष मॉर्निंग वॉक समिति, गोपाल महोबिया योगाचार्य, बबलू कक्कड़, मधु अग्रवाल, संदीप पचेरीवाला, बाबा भाईजान, कय्यूम भाईजान, अविनाश सोनी, सुमित सोनी, रूबल भाटिया, विकास सहारे, बनवारी अग्रवाल, भुनेश्वर वैष्णव सहित स्टेडियम मे प्रतिदिन वॉक करने वाले बालक बालिकाओं, महिलाओ एवं पुरुषों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर आयुर्वेद दिवस को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अर्थशास्त्र विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। अर्थशास्त्र विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 24 सितंबर 2025 को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांवए के अर्थशास्त्र विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया जिसमें कनेर, बादाम, जाम नींबू आदि पौधे शामिल हैं।

इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डॉ.महेश श्रीवास्तव डॉ.मीना प्रसाद, डॉ.खेमारानी दुबे, डॉ.दिनेश प्रसाद एवं एम.ए.प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# उ.मा.विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क रक्तदान शिविर आयोजित



**संकुल शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने किया 40 यूनिट रक्तदान**

राजनांदगांव (दावा)। कहा गया है कि रक्त नालियों की बजाय मनुष्य की धमनियों में बहनी चाहिए। रक्त का एक-एक बूंद मनुष्य मात्र के काम आता है। इस ध्येय वाक्य को ध्यान में लाते हुए जिले के वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में के जागरुक शिक्षकों व ग्रामवासियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

बालाजी ब्लड सेंटर एवं मदन साहू एलआईसी अभिकर्ता के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान शाला के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का जहां स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड ग्रुप चेक किया गया वहीं संकुल के शिक्षकों एवं ग्रामवासियों द्वारा 48 यूनिट रक्तदान किया गया।

संस्था के प्राचार्य गजेंद्र बघेल ने बताया कि इस अवसर पर रक्तदान करने वाले रक्तवीरो को संस्था की ओर से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया और स्वास्थ्य परीक्षण व रक्त ग्रुप जांच के लिए स्कूल के छात्र -छात्राओं की सराहना की गई। रक्त दान शिविर में संस्था के प्राचार्य डॉ बघेल सहित, संकुल समन्वयक विकास गुप्ता, ग्राम पंचायत पिनकापार के सरपंच मनसा राम चंद्रवशी, रेवाराम नेताम, मकुंद चंद्रवंशी, शिक्षक कैलाश साहू, एम एम डडसेना आदि ने रक्तदान किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विचारपुर स्कूल में प्रार्थना में सिर्फ 4 टीचर मौजूद ग्रामीणों ने शासन से कार्रवाई की माँग की



**डीईओ पर मिलीभगत के आरोप**

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिला के शिक्षा व्यवस्था हाल बेहाल है जो साबित होता है ग्राम विचारपुर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हिंदी मीडियम के शिक्षकों की उपस्थिति को देखकर वहीं स्कूल प्रशासन के कामकाज को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष गालेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि अभिभावकों की शिकायत पर 16 सितम्बर 2025 को विचारपुर स्थित प्राथमिक/माध्यमिक आत्मानंद विद्यालय खुलते ही प्रार्थना में स्वयं शामिल हुए थे, उस समय सिर्फ चार शिक्षक मौजूद थे। जबकि स्कूल में कुल 12 शिक्षक तैनात हैं जिनमें से 3 अटैच हैं। आकस्मिक निरीक्षण के दिन 3 शिक्षक अवकाश पर थे, ग्रामीणों के अनुसार इसी तरह रोजाना का हाल है। बताया गया स्कूल में कुल 248 अंग्रेज़ी मीडियम व 263 हिंदी मीडियम के बच्चे पढ़ते हैं - कुल 511 छात्र ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य ए.डी.साहू विद्यालय व्यवस्था पर नियंत्रण नहीं रखते; वे प्रार्थना समय मे भी उपस्थित नहीं रहते। डेढ़ साल पहले यहाँ के पूर्व प्राचार्य उपेन्द्र देवांगन गाँव में रहते थे और उस समय शिक्षकों की मनमानी पर कुछ नियंत्रण था। ग्रामीणों की माने तो हिंदी मीडियम के शिक्षकों द्वारा मनगढ़ंत आरोप पर लिखित शिकायतें कराकर उन्हें हटवा दिया गया।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि वर्तमान डीईओ के साथ प्रभारी प्राचार्य की पुरानी जान-पहचान है, जब वर्तमान डीईओ डोंगरगढ़ में बीईओ थे, तब प्रभारी प्राचार्य उसी क्षेत्र में तैनात रहे, शायद इसी कारण प्रभारी प्राचार्य को खुली छूट मिली हुई है।

ज्ञातव्य है विचारपुर विद्यालय अंबागढ़ चौकी ब्लॉक मुख्यालय से मात्र लगभग 20 किलोमीटर दूर है, इसके बावजूद शासन-प्रशासन की अनदेखी से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष गालेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि पुराने प्राचार्य को पुनः पदस्थापना और अटैच शिक्षकों की वापसी के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री, कलेक्टर, नए संभाग आयुक्त, जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला शिक्षा अधिकारी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को बार-बार अभ्यावेदन दे चुके हैं परंतु कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नतीजन निरंकुश प्रशासन के बेलगाम कर्मचारियों मनमानी बदस्तूर जारी है।

# एसडीएम से चौथना सरपंच व सचिव द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की शिकायत



**○ ग्राम पंचायत के कार्यों में सरपंच पति की दखलंदाजी का विरोध कर रहे हैं ग्रामीण**

**○ नियम विरुद्ध कार्य पाए जाने पर प्रशासन द्वारा मेरे विरुद्ध करवाई की जाएगी - पंचायत सचिव**

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत चौथना के सरपंच व सचिव पर ग्रामीणों ने वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए एसडीम से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा ग्रामीण सरपंच पति द्वारा पंचायत के कार्यों में की जा रही दखलंदाजी का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि,ग्राम सभा की बैठक में सरपंच पति के कहने पर सचिव द्वारा बिना एजेंडा लिखे पंजी में ग्रामवासियो को हस्ताक्षर कराया जाता है। जो कि पंचायत नियम के विरुद्ध है। उसकी जांच भी की जानी चाहिए। सरपंच पति द्वारा लगातार पंचायत के कामों में हस्तक्षेप करते पाया जाता है। अपने आप को किसी बड़े नेता का खास आदमी बताता है। और गांव वालों को डराने धमकाने का कार्य करता है। इस प्रकार के कार्य करने वाले सरपंच और सचिन पर निष्पक्ष जांच करते हुए उचित कार्यवाही करने का निवेदन ग्रामीणों द्वारा किया गया है।

एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि, ग्राम पंचायत चौथना के वर्तमान सचिव व सरपंच के द्वारा ग्राम चौथना के आश्रित ग्राम भर्रीटोला में शासकीय 15 वे वृत्त की राशि का निजी भूमि में बोर कराकर हैंडपंप बनाया गया है, ग्राम चौथना में सरकारी पट्टे की जमीन को बिक्री कराने में सरपंच पति की संलिप्तता सामने आई है,जलजीवन मिशन के अंतर्गत पी. एच. ई. विभाग द्वारा टंकी व पाईप लाईन का पूर्व में ग्राम में कार्य कराया गया था। जिसमें सरपंच द्वारा 80 हजार रू. का रिपेरिंग कार्य 15 वे वृत्त की राशि कराया गया है लेकिन पी. एच. ई. विभाग द्वारा पहले से उसमें मोटर व पाईप लाइन लगाया गया था।,पंचायत चुनाव में लगभग 90 हजार रू. का खर्च भी 15 वे वृत्त की राशि से उनके द्वारा खर्च किया गया है। ग्राम सभा मीटिंग में राचिव द्वारा बिना एजेंडा लिखे पंजी में ग्रामवासियो को हस्ताक्षर कराया जाता है जो कि सही नहीं है।

सरपचं पति द्वारा किसी मकान में व्यक्ति नहीं रह रहा हे तो उसका पट्टा निरस्त करने की धमकी दिया जाता है। जबकि नियमतः पंचायत के कामो में सरपंच पति को हस्तक्षेप नहीं करना है। शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों में जगदीश यादव तुलसराम नेताम नरोत्तम गौड दीनू यादव श्याम कुमार सुरेश गोंड प्रमिला बाई चंद्रेश पटेल खेमलाल यादव गोविंद साहू श्री राम चंदू राव और संदीप सिंह शामिल है।

### नियम विरुद्ध कार्य पाए जाने पर प्रशासन द्वारा करवाई की जाएगी - पंचायत सचिव

विगत 15 वर्षों से ग्राम पंचायत चौथना के सचिव पद पर कार्यरत श्रीमती वंदना मेश्राम (उके) ने कहा है कि, यदि मेरे द्वारा नियम विरुद्ध कार्य किया गया है, तो प्रशासन की ओर से नियमानुसार करवाई की जाएंगी।

## खुज्जी साहू समाज मंडल चुनाव सम्पन्न



**नवल किशोर अध्यक्ष निर्वाचित, सामाजिक एकता का दिखा अद्भुत नज़ारा**

राजनांदगांव(दावा)। खुज्जी मंडल साहू समाज के चुनाव बड़े ही उत्साह और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर नवल किशोर साहू ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की।

अध्यक्ष पद पर नवल किशोर साहू और देवेंद्र साहू के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें नवल किशोर साहू ने 21 मतों से जीत दर्ज कर समाज का विश्वास जीता। अन्य पदों पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, प्रभु देवा साहू, संगठन सचिव, रमेश कुमार साहू, सदस्य श्रीमती ज्योति साहू जिला साहू समाज के उपाध्यक्ष मदन साहू ने मौके पर पहुँचकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं। इस चुनाव में विशेष रूप से उपस्थित होकर बधाई देने वालों में नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कोकपूर बेलस साहू किरगी गिरधारी लाल साहू और सालहे भुवन साहू शामिल रहे। चुनाव संचालन में पर्यवेक्षक शिवराम साहू, उपाध्यक्ष तहसील डोंगरगांव, नामदेव साहू की भूमिका अहम रही।

# जनकल्याणकारी विकास कार्यो में स्वयं अभिरुचि लेते हुए गंभीरतापूर्वक कार्य करें - कलेक्टर




**डोंगरगढ़ पदयात्री मार्ग में लगे सेवा पंडालों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने किया निर्देशित कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की ली बैठक**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि क्वांर नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी एवं पदयात्री माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुँच रहे हैं। कलेक्टर ने डोंगरगढ़ पदयात्री मार्ग में लगे सेवा पंडालों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व के लिए जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है वे नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री मार्ग में पदयात्रियों की सुविधा के लिए प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ रजत जयंती अवसर पर विभागों द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों को पोर्टल में अपलोड करने के लिए कहा। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजातीय समुदाय के विकास के लिए शासन की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए तथा सेवा पर्व का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी विकास कार्यों में स्वयं अभिरूचि लेते हुए गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनसामान्य को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। जनसामान्य को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत अभिलेख वितरण की स्थिति, अटल मानिटरिंग पोर्टल, आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत, भू-बंटन प्रकरणों की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, कौशल विकास, ई-फाईल सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने आदि कर्मयोगी एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला क्रीड़ा अधिकारी के रूप में अनिल सिंह गौतम नियुक्ति से व्यायाम शिक्षकों में उत्साह

डोंगरगढ़ (दावा)। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा वरिष्ठ व्यायाम शिक्षकों को विभिन्न जिलों में जिला क्रीडा अधिकारी के रूप में पदोन्नति किया गया। जिसमें राजनांदगांव जिला क्रीड़ा अधिकारी के रूप में अनिल सिंह गौतम नियुक्त हुए। गौतम मूलतः डोंगरगढ़ के निवासी हैं। वे डोंगरगढ़ स्थित प्रसिद्ध शिक्षण संस्था आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। श्री गौतम जेआरडी हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग में कार्यरत थे। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के समक्ष श्री गौतम ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह ठाकुर, डोंगरगढ़ विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर छुरिया विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी विमल साहू डोंगरगढ़ से राणा अजय सिंह बाबूराव जनबंधु उपस्थित थे। श्री गौतम के जिला क्रीड़ा अधिकारी नियुक्त होने पर डोंगरगढ़ के समस्त व्यायाम शिक्षक श्रीमती धनलक्ष्मी महोबिया, भागचंद लिल्हारे, पन्नालाल मडामें, त्रिलोक जम्बुलकर, तरुण वरकडे, चंद्रहास साहू, श्रीमती पूनम टेंभुरकर, श्रीमती इंदु मेश्राम, देवेंद्र अंबादे, हरिश साहू, राकेश रामटेके, तरुण साहू, श्रीमती आयुषी मिश्रा एवं डोंगरगढ़ के समस्त खेल प्रेमियों ने श्री गौतम को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।


सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति, बांसपाई पारा


सार्व दुर्गोत्सव समिति इंदिरा नगर


मां कालिका उत्सव समिति, गांधी चौक


अम्बालिका दुर्गोत्सव समिति, ब्राम्हण पारा


युवा जागृति दुर्गोत्सव समिति, ठेठवार पारा


नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, हाथीथान पारा


मां वैष्णव देवी दुर्गोत्सव समिति, आजाद चौक

# प्रबुद्धजन सम्मेलन में विशिष्ट व्यक्तित्वों का सम्मान; डॉ. रमन सिंह ने बताया मोदी की समग्र सोच का महत्व

## लाल किले से शौचालय की बात पर आश्चर्य हुआ था, पर बाद में दिखी अंत्योदय की सफलता

राजनंदगांव (दावा)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन के अवसर को 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करते हुए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के तहत आज सिंधु भवन, हेमू कालानी नगर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते हुए एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी तथा भारत माता की तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात पूर्णिमा साहू ने राष्ट्र के नाम गीत को समर्पित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मोदी का अद्भुत कुशल नेतृत्व न केवल देश में बल्कि समूचे ब्रह्मांड में अद्वितीय है। उनकी विशिष्ट शैली उन्हें औरों से बेहतर बनाती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत के आधार पर ही आज केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं चल रही है। जिसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और गरीबों के कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार द्वारा क्रियान्वयन कर मोदी जी भारत मां की सेवा कर रहे हैं।

डॉ. रमन ने कहा कि लाल किले के प्राचीर से जब मोदी जी ने शौचालय निर्माण की बात की थी तो उन्हें भी आश्चर्य लगा था कि देश के प्रधानमंत्री शौचालय के लिए क्यों बोल रहे हैं, परंतु बाद में जब गांव-गांव में करोडो शौचालय बनने लगे और स्वच्छता अभियान के कारण गांव के लोगों ने शौचालय का उपयोग किया तो बीमारियां घटने लगी। उन्होंने मोदी जी की समग्र सोच के पीछे अंत्योदय सिद्धांत को कारण बताते हुए कहा कि जनधन योजना में गरीबों के करोड़ों खाते खुल गए और उस समय कांग्रेस के लोग खाता खोलने पर योजना का मजाक उड़ाने लगे, बाद में जब योजनाओं का पैसा गरीबों के खाते में सीधे ही ट्रांसफर होने लगा तो मोदी जी के समग्र सोच का एहसास देशवासियों को हुआ। एक समय में कांग्रेस शासन काल में गरीबों को भेजा गया? 1 का 85 पैसा गायब हो जाता था। आज मोदी जी के शासनकाल में गरीबों को खाते में सीधा पैसा ट्रांसफर हो रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रशंसा करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज विश्व के सभी देशों की जीडीपी तीन से पांच परसेंट तक सीमित है। सिर्फ भारत ही ऐसा देश है, जो मोदी जी के नेतृत्व में लगातार अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में वृद्धि कर रहा है। उन्होंने मोदी जी की समग्र सोच को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।




### मोदी जी ने गरीबों का सपना साकार किया - राजीव अग्रवाल

सम्मेलन में औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारो का खुले दिल से स्वागत किया उनका कहना था कि नहीं टैक्स दरें प्रदर्शित सरलता और डिजिटल प्रक्रियाओं के चलते व्यापार को नई दिशा में देगी। जीएसटी की दरों में कमी आने से न केवल व्यापार की गति बढ़ेगी। बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान होगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार का उद्देश्य व्यापार को सरल बनाना है और कराधान प्रणाली को पारदर्शी बनाकर देश को आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारो से व्यापारियों का बोझ घटेगा और नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दर कम होने से गरीबों का सपना साकार होगा और महंगी वस्तुएं भी अब उनकी पहुंच में होगी।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया

इस अवसर पर जीएसटी की दरें सरकार द्वारा कम करने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह का सम्मान किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के विनोद डड्डा, तरुण लहरवानी एवं दीपक नवलखा ने कहा कि जीएसटी में इनपुट क्रेडिट की सुविधा से नगदी प्रवाह बेहतर होगा और कारोबार में मुनाफा बढ़ने के साथ उपभोक्ताओं को भी रोजमर्रा की वस्तुओं पर कम कीमतों का लाभ मिलेगा।

### दिव्यांगजनों एवं कुशल व्यक्तित्व का सम्मान किया गया

सम्मेलन में विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों की कुशल प्रतिभा के लिए उनका विशेष रूप से सम्मान किया गया। मोदी जी की सोच के अनुरूप आज ईश्वर की विशेष कृति दिव्यांगजनों को अपने कौशल प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें दृष्टि बाधित भूपेश देशलहरा को पैराओलंपिक जूडो हेतु सम्मानित किया। चित्रभान गावडे को राष्ट्रीय शतरंज एवं छत्तीसगढ़ लोक कला के लिए सम्मानित किया गया। नरेंद्र देवदास को अस्थिबाधित होने के बावजूद पैरालंपिक क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। मूकबधिर दीपचंद साहू को शानदार डिजिटल पेंटिंग के लिए सम्मानित किया गया। ओलंपिक जीतकर आने वाले शीतलेश पटेल का भी सम्मान किया गया। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत वोकल फॉर लोकल के लिए श्रीमती गुरुवचन कौर सावलानी का कृपाल केला चिप्स एवं घरेलू प्रोडक्ट को लघु उद्योग में बदलने हेतु सम्मान किया गया।

### देश आत्मनिर्भर होगा तो फिर से सोने की चिड़िया बनेगा - रूपनारायण सिन्हा

सम्मेलन में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश लोकल का वोकल प्रोत्साहित करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगर सभी लोग स्वदेशी अपनाएं तो हमें विदेशी वस्तुओं की ओर देखना नहीं पड़ेगा और हम आत्मनिर्भर होकर देश को पुनः सोने की चिड़िया बना सकते हैं। इस हेतु रूपनारायण सिन्हा ने उपस्थित लोगों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया। सम्मेलन में विज्ञान महाविद्यालय के प्रोफेसर एस कन्नौज एवं अधिवक्ता कमल किशोर साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है ।जीएसटी की दरों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमर लालवानी एवं राजा माखीजा तथा आभार प्रदर्शन आलोक बिंदल, योगेश बागड़ी एवं राजेश खांडेकर ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चार्टर्ड अकाउंटेड राजेश जैन, अधिवक्ता बनवारी लाल सोनी, छ.ग. ब्राह्मण समाज से शरद तिवारी, लोहाणा गुजराती समाज से सूरज बुद्धदेव, प्रदेश संयोजक ड़डसेना समाज से दीपक सिन्हा, यादव समाज से कंसुराम यादव, सतनामी समाज से पार्थ गेंड्रे, राजपूत समाज से अजय परिहार, अग्रवाल समाज से शरद अग्रवाल, जैन समाज से मनोज जैन, सेन समाज से दिलेश्वर कौशिक, सिख समाज से गिन्नी चावला, सिंधी समाज से मन्नूमल मोटलानी, आवतराम तेजवानी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न वर्गों के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मातृशक्ति ने किया स्वागत अभिनंदन

इस अवसर पर सभी आगंतुक अतिथियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से रेखा मेश्राम, पूर्णिमा साहू, मधु बैद, सुधा पवार, संगीता शुक्ला, मंजू साहू, प्रतिभा साहू, कमलेश्वरी साहू, जमुना साहू, प्रेमा सोनकर, दीप्ति साहू, नेहा साहू, कांति मौर्य, निर्मल सिंह संगीता मानिकपुरी एवं मीना यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

# श्री गणेश हनुमान मंदिर में बम्लेश्वरी यात्रियों का विश्राम

### बारिश के कारण सैकड़ों पदयात्रियों को मिला मिथिलाधाम में आसरा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के श्री गणेश हनुमान मंदिर, मिथिला धाम, में कल हुई अनवरत वर्षा के कारण सैकड़ों बमलेश्वरी पदयात्रियों को विश्राम के लिए सुरक्षित आश्रय मिला। माता बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जा रहे ये श्रद्धालु रात भर मंदिर परिसर में रुके। मंदिर प्रबंधन और मोनी बाबा के भंडारा की ओर से सभी पदयात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। तेज बारिश के बीच मंदिर एक बड़ा सहारा बना। जहां थके-हारे यात्रियों ने न केवल आराम किया। बल्कि श्रद्धापूर्वक भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। मंदिर समिति के सहयोग से यात्रियों को असुविधा से बचाते हुए उन्हें आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिसने उनकी यात्रा को सुगम बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।



# शिवनाथ वाटिका में मातारानी की भक्ति और गरबा का जश्न

### संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका में तीसरे दिन विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

राजनांदगांव (दावा)। शारदेय नवरात्रि पर्व पर संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका में तीसरे दिन गरबा उत्सव की धूम रही। रंग-बिरंगी रोशनी, शानदार संगीत और मातारानी की भक्ति से ओत-प्रोत इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गरबा के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद विजेताओं को सम्मानित किया गया। तीसरे दिन के गरबा उत्सव में सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य और परिधानों के आधार पर विजेताओं को ट्रॉफी दी गई। बेस्ट गरबा मेल का खिताब भास्कर ने जीता। जबकि बेस्ट गरबा फीमेल का खिताब दिव्या चौहड़ा के नाम रहा।




इसके अलावा अविनाश लालवानी को बेस्ट ड्रेसअप मेल और अदिति श्रीवास्तव को बेस्ट ड्रेसअप फीमेल के खिताब से नवाजा गया। पार्वती गरबा स्टार मेल आदित्य गौतम, फिमेल अंशिका साहू, बेस्ट फेस ऑफ द डे मेल विपीन रूचंदानी, खुशी ललवानी, फर्स्ट क्राई (0 से 6 वर्ष) दीरिषा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा आयोजन समिति द्वारा विशेष रूप से प्रणव जेठवा, सागर नारायण, हर्ष राठौड़, नील बत्रा, मयंक शर्मा, मीली जैन, लवली तेजवानी को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिकों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की।

# मनकी के समीप पदयात्री युवती को एक्सीडेंट करने वाले चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

### तीन आरोपियों को गिरफतार कर भेजा गया जेल, एक नाबालिग को भेजा गया बाल संप्रेक्षण गृह

राजनांदगांव (दावा)। क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने पैदल यात्रा करते डोंगरगढ़ जा रही भिलाई की युवती को ग्राम मनकी के समीप नेशनल हाईवे में एक तेज रफ्तार थार वाहन कुचल कर भाग गया। एक्सीडेंट से गंभीर रूप से घायल हुई युवती को उपचार के लिए तुरंत भिलाई हास्पीटल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। उक्त युवती को एक्सीडेंट करने वाले थार चालक व वाहन में सवार अन्य आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने उन चार आरोपियों में से तीन को गिरफतार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है वहीं एक नाबालिग आरोपी को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि गत 24 सितंबर को उनके थाना क्षेत्र में ग्राम मनकी के पास नेशनल हाईवे में कुमारी महिमा साहू पिता चंद्रहास साहू उम्र 21 वर्ष, निवासी घासीदास नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भिलाई थाना जामुल जो अपने साथियों के साथ पैदल डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी दर्शन हेतु जा रही थी इसी दौरान ग्राम मनकी के पास खंडेलवाल बांस डिपो के सामने जीई रोड पर महिंद्रा थार वाहन (छ्त्त 04 त्त्ष्ट 8007) द्वारा लापरवाही से उसे एक्सीडेंट कर दिया। युवती गंभीर चोट लगने पर मृतिका को सेक्टर-9 हॉस्पिटल भिलाई ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना के आरोपी रजत सिंह पिता जी.डी. सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी सेक्टर-2 क्वाटर नं.-17/एफ सड़क नं.-10 भिलाई थाना भिलाई नगर जिला दुर्ग, नयन सिंह उर्फ छोटू पिता कोमल सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी जयंती नगर सड़क नं.-05 दुर्ग थाना मोहन नगर, राजू कुमार धुर्वे पिता वेदराम धुर्वे उम्र 26 वर्ष निवासी सोमनापुर थाना कुण्डा जिला कबीरधाम व हाल मुकाम ग्राम फुण्डा संजय गोस्वामी का मकान थाना पाटन जिला दुर्ग को गिरफतार किया गया। और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालेआरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।







### किराए के वाहन को लापरवाही पूर्ण चला रहे थे आरोपी

थाना प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी तुरंत पुलिस के आला अधिकारियो को दी गई और उनके निर्देश व मार्गदर्शन में सोमनी पुलिस की टीम गठित कर विवेचना कार्यवाही किया गया । जिसमें वाहन महिंद्रा थार क्रमांक सीजी 04 क्यूसी 8007 के वाहन स्वामी रजत सिंग द्वारा अपने स्वामित्व के वाहन को किराये पर नयन सिंह को देना तथा नयन सिंह द्वारा वाहन को किराये पर लेकर नाबालिक को चलाने के लिए देना तथा नाबालिक वाहन चालक वाहन को तेज गति लापरवाही से चलाते हुए महिमा साहू को एक्सीडेंट करने से महिमा साहू का मृत्यु होना पाया गया।

इस पर मूल वाहन स्वामी द्वारा मूल वाहन चालक के बदले किसी अन्य व्यक्ति राजू कुमार धुर्वे को चालक के रूप मे पेश कर साक्ष्य को छिपाना पाया जाने से आरोपी रजत सिंह, नयन सिंह उर्फ छोटू ,राजू कुमार धुर्वे एवं विधि का उलंघ्घन करने वाले नाबालिक के विरूद्ध धारा 106, 61(2), 238 बी.एन.एस.से 199 (क) मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से तीनों आरोपियों के जेल वारंट मिलने के पश्चात जेल दाखिल किया गया वहीं नाबालिक बालक को संप्रेषण गृह भेज दिया गया है।




नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमंत साहू)
सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता...

भूखंड बेचना है
खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट : - अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com